RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-306 | जयपुर, रविवार, 03 मई 2026 | मूल्य-4 रूपये

# बंगाल की फालता सीट पर वोटिंग ईसी ने रद्द की, 21 मई को दोबारा मतदान

### हिंसा-गड़बड़ियों की शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने लिया फैसला

कोलकाता

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की फालता सीट पर वोटिंग रद्द कर दी है। यहां पर 29 अप्रैल को दूसरे फेज की वोटिंग के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी और हिंसा की खबरें आईं थीं।

ईसी ने सभी 285 पोलिंग बूथ पर 21 मई को फिर से वोटिंग कराने का निर्देश दिया है। रिजल्ट 24 मई को आएगा। इसी विधानसभा के एक बूथ पर ईवीएम में भाजपा की बटन के आगे टेप लगा मिला था।

इससे पहले शनिवार को पश्चिम बंगाल में मगराहाट पश्चिम के 11 बूथों और डायमंड हार्बर के 4 बूथों में दोबारा मतदान हुआ। न्यूज एजेंसी के मुताबिक दोनों विधानसभा क्षेत्र के कुल 15 बूथों पर करीब 90% वोटिंग हुई।

साउथ 24 परगना में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच



झड़प हुई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। फालता में वोटर्स ने टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप लगाया।

#### टीएमसी कार्यकर्ताओं पर हमले का आरोप

लोगों ने कहा वोट डालने के बाद हम पर टीएमसी के लोगों ने हमला किया। हमारे साथ मारपीट की गई है। जब हम इस घटना का शांति से विरोध कर रहे थे तो पुलिस ने हम पर लाठीचार्ज किया। कई लोगों को पैर में, सिर में और हाथ में चोट आई है। लोगों ने विशेष समुदाय पर हमले का आरोप लगाया है।

वहीं, टीएमसी ने आरोप लगाया कि मगराहाट के बूथ नंबर 127 पर सुरक्षाबलों ने हमारे कैंप में तोड़फोड़ की और कार्यकर्ताओं से मारपीट की। पार्टी के मुताबिक, यह कैंप नजरा एफपी स्कूल के पास 500 मीटर के दायरे से बाहर लगाया गया था और चुनाव आयोग के नियमों के तहत काम कर रहा था।

फालता के हासिमनगर की रहने वाली महिला ने आरोप लगया कि TMC कार्यकर्ताओं ने हमारा उत्पीड़न किया। यह सब एक दिन पहले से हो रहा है। टीएमसी के गुंडे हमारे घरों में घुस आए। महिलाओं को परेशान किया और लोगों की पिटाई की। हमारी ग्राम पंचायत का मुखिया टीएमसी से है। जहांगीर खान यहां आया और हमें धमकी दी कि अगर टीएमसी सत्ता में आई, तो ये लोग हमारा बलात्कार करेंगे और हमें मार डालेंगे। हमने सड़क पर विरोध किया। हमने पुलिस को आज सुबह 10 बजे तक का समय दिया गया था। जब कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो हम फिर से यह पूछने के लिए बाहर आए कि जहांगीर को गिरफ्तार क्यों नहीं किया। इस पर पुलिस ने हम पर लाठीचार्ज किया, लड़कियों से भी मारपीट की। लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है।

#### केंद्रीय कर्मचारियों की तैनाती के खिलाफ टीएमसी की अपील खारिज

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की मतगणना से पहले टीएमसी को सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ झटका लगा है। चुनाव आयोग द्वारा वोटों की गिनती के लिए मुख्य रूप से केंद्र सरकार और पीएसयू के कर्मचारियों को तैनात करने के निर्देश के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। इस अहम मुद्दे को सुलझाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने आज टीएमसी की याचिका पर सुनवाई की। विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई भी नया आदेश पारित करने से साफ इनकार कर दिया है। दरअसल, चुनाव आयोग ने अदालत को आश्वासन दिया है कि वह अपने 13 अप्रैल के परिपत्र (सर्कुलर) का पूरी तरह से पालन करेगा। सुनवाई के दौरान जस्टिस बागची ने यह भी कहा कि मतगणना के दौरान वहां हर राजनीतिक दल के चुनाव एजेंट मौजूद रहेंगे। इसलिए, इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता कि पर्यवेक्षक केंद्र सरकार का नामित अधिकारी है या नहीं।

देशभर में करोड़ों मोबाइल पर एकसाथ अलर्ट मैसेज आया

# 'सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम' का परीक्षण, आपदा के समय तुरंत मिलेगी सूचना

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में नागरिकों तक त्वरित सूचना पहुंचाने के उद्देश्य से 'सेल ब्रॉडकास्ट अलर्ट सिस्टम' का आज यहां परीक्षण किया जिसमें सभी प्रकार के मोबाइल के स्क्रीन पर एक समय में एक मैसेज बॉक्स में आपात स्थिति का संदेश उभरता है व ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक विशिष्ट प्रकार की बीप ध्वनि के साथ वाइबेट करता है। संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रिमोट के जरिए इसके देशव्यापी परीक्षण को सफलतापूर्वक संपन्न किया। परीक्षण के तहत लगभग 11:45 बजे देशभर में मोबाइल पर एक साथ बीप ध्वनि के साथ इमरजेंसी अलर्ट संदेश प्राप्त हुआ। संदेश में स्पष्ट किया यह एक परीक्षण है और जनता को कोई कार्रवाई करने की आवश्यकता नहीं है। यह अत्याधुनिक प्रणाली संचार मंत्रालय के दूरसंचार विभाग द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सहयोग से विकसित की, ताकि आपदा के समय नागरिकों तक महत्वपूर्ण सूचनाओं का समय पर प्रसार




सुनिश्चित किया जा सके। एनडीएमए ने दूरसंचार विभाग के प्रमुख अनुसंधान एवं विकास केंद्र, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमेटिक्स (सी-डॉट) द्वारा विकसित एकीकृत अलर्ट सिस्टम 'सचेत' को सफलपूर्वक चालू किया। प्रणाली अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा अनुशंसित कॉमन अलर्टिंग प्रोटोकॉल (सीएपी) पर आधारित है। वर्तमान में यह देश के सभी 36 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में संचालित है व भौगोलिक रूप से लक्षित क्षेत्रों में मोबाइल उपयोगकर्ताओं को एसएमएस के माध्यम से आपदा अलर्ट प्रदान कर रही है। सरकारी आंकड़ों अनुसार इस प्रणाली के माध्यम से अब तक प्राकृतिक आपदाओं, मौसम चेतावनियों और चक्रवाती घटनाओं के दौरान 19 से अधिक भारतीय भाषाओं में 134 अरब से अधिक एसएमएस अलर्ट प्रसारित किए जा चुके हैं। आपदा चेतावनी तंत्र को और सशक्त बनाने के लिए एसएमएस के साथ अब सेल ब्रॉडकास्ट तकनीक को शामिल किया। तकनीक के जरिए किसी निर्धारित भौगोलिक क्षेत्र में मोबाइल उपकरणों पर एक साथ अलर्ट प्रसारित किए जा सकते हैं, जिससे वास्तविक समय में सूचना पहुंचाना संभव हो जाता है। सुनामी, भूकंप, बिजली गिरने, गैस रिसाव व अन्य रासायनिक खतरों के साथ साथ युद्ध या सैन्य हमले जैसी समय-संवेदनशील परिस्थितियों में यह प्रणाली विशेष रूप से उपयोगी साबित होगी। स्वदेशी सार्वजनिक आपातकालीन अलर्ट सिस्टम के विकास और कार्यान्वयन की जिम्मेदारी सी-डॉट को सौंपी गई है।

# पानी पीने से सरकारी स्कूल के बच्चों की तबीयत बिगड़ी

### स्टूडेंट्स के शरीर में खुजली होने के बाद लाल निशान बनने लगे

बाड़मेर

सरकारी स्कूल में पानी पीने के बाद 16 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। उन्हें खुजली होने लगी और शरीर पर जगह-जगह लाल निशान बनने लगे। बच्चों को फौरन हॉस्पिटल ले जाया गया। यह पूरा मामला बाड़मेर जिले के सनावड़ा मेघवालों की बस्ती स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल का है। बच्चों को पहले सनवाड़ा हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां से बाड़मेर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बच्चों को बाड़मेर हॉस्पिटल लाने वाले एम्बुलेंस के ईएमटी सुखदेव गांगुली ने बताया- ऐसी जानकारी मिली थी कि शनिवार सुबह करीब 10 बजे पानी पीने के बाद अचानक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी। बच्चों ने बताया कि स्कूल में खुला टैंक है, उसी का पानी पीते हैं। पानी पीने के बाद ही इनकी तबीयत बिगड़ी है।

उधर, बच्चों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को बताया कि पानी पीने के बाद स्कूल के बाहर बिकने वाली 'चुस्की' खाई थी।

# छत्तीसगढ़ में आईईडी ब्लास्ट, 4 जवान शहीद

### कांकेर-नारायणपुर बॉर्डर पर माइनिंग हटाते समय हादसा

जगदलपुर

छत्तीसगढ़ के कांकेर-नारायणपुर बॉर्डर पर शनिवार को IED ब्लास्ट में 4 जवान शहीद हो गए। फोर्स शनिवार सुबह कोरोसकोडा के जंगल में सर्च ऑपरेशन पर निकली थी। इसी दौरान नक्सलियों की बिछाई गई IED को डिप्यूज करते समय अचानक जोरदार धमाका हुआ।

मामला छोटेबेठिया थाना क्षेत्र का है। बताया जा रहा है कि धमाका इतना तेज था कि मौके पर मौजूद



जवानों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। हादसे में घायल जवानों का तुरंत रेस्क्यू किया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण 3 जवानों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

घायल जवान परमानंद कोर्राम को बेहतर इलाज के लिए रायपुर एयरलिफ्ट गया था, जहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। इस घटना पर पूर्व ष्टरू भूपेश बघेल ने सरकार पर सवाल उठाए, कहा कि नक्सलवाद के खत्म होने के राजनीतिक नारे से काम नहीं चलेगा।

बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि, सर्च के दौरान सुरक्षाबलों को एक नक्सली डंप भी मिला है। सरेंडर कर चुके नक्सलियों से मिले इनपुट के आधार पर पिछले कुछ महीनों से लगातार आईईडी बरामदगी का अभियान चलाया जा रहा है। आज का अभियान भी उसी का हिस्सा था। इस दौरान हादसा हुआ।

इस घटना पर छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक्स पर पोस्ट कर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को समझना होगा कि नक्सलवाद के ख़त्म होने के राजनीतिक नारे से काम नहीं चलेगा।

# पुणे में 4 साल की बच्ची से रेप और हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में शुक्रवार को एक व्यक्ति ने 4 साल की बच्ची से रेप के बाद पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने 65 साल के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, बच्ची पुणे के भोर तहसील में रहने वाली अपनी नानी के यहां गर्मी की छुट्टियां बिताने आई थी। भीमराव कांबले (आरोपी) शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने घर के पास बने तबेले में ले गया। वहां बच्ची से रेप करने के बाद उसकी हत्या कर दी।

महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और एनसीपी (एसपी) नेता अनिल देशमुख ने इस मामले में आरोपी के लिए फांसी और मामला की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने की मांग की थी। इसके बाद महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार इस मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराएगी और अपराधी के लिए फांसी की मांग करेगी।

काफी देर तक बच्ची घर नहीं लौटी, कुछ लोगों ने तबेले में भी बच्ची को तलाशा तो उसका शव बरामद हुआ। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की तलाश की तो एक फुटेज में आरोपी बच्ची को तबेले की ओर ले जाता हुआ नजर दिया। पुलिस ने तुरंत भीमराव कांबले को हिरासत में ले लिया। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है।

# कोयला खदान में स्लरी ढहने से 4 मजदूरों की मौत

### मलबे का बड़ा हिस्सा गिरने से हादसा

धनबाद

झारखंड के धनबाद में शनिवार को कोयला स्लरी (कोयले का पाउडर) धंस गई, जिससे 4 मजदूरों की मौत हो गई। ये सभी मजदूर मुनीडीह में BCCL की कोल वाशरी में काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मलबा गिर गया।

आसपास के मजदूरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव काम शुरू किया और प्रशासन को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचा। मलबा हटाकर चारों



मजदूरों के शव बाहर निकाले गए। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। मृतक की पहचान प्रेम बाउरी, माणिक बाउरी, दीपक बाउरी और नारायण यादव के रूप में की गई है। घटना के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, इस हादसे ने एक बार फिर खनन क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजन ने BCCL प्रबंधक पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने चारों शवों को मुनीडीह कोल वाशरी गेट के सामने रखकर मुआवजे और नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

# सीनियर आईपीएस किशन सहाय पर दुष्कर्म का मामला दर्ज

### महिला का आरोप- शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस के सीनियर आईपीएस ऑफिसर पर एक 53 साल की महिला ने मारपीट व शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए दूसरे राज्य से डाक के जरिए मालवीय नगर थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने डाक के जरिए मिली शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने पीड़िता को 3 मई को बयान दर्ज कराने और मेडिकल जांच के लिए जयपुर बुलाया है। वहीं आईजी (मानवाधिकार) किशन सहाय ने सभी आरोपों को दरकिनार करते हुए मोबाइल चैट की सहीं से जांच करने की अपील की है। 53 वर्षीय पीड़िता ने दूसरे राज्य से डाक के जरिए 29 अप्रैल को मामला दर्ज कराया कि आईजी मानवाधिकार के किशन सहाय ने उसे शादी का झांसा देकर सरकारी रेजिडेंस पर बुलाया और मोबाइल बंदकर मारपीट की व उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इसके बाद पुलिस में शिकायत नहीं करने को लेकर धमकाया। तीन महीने तक वीडियो कॉल पर भी धमकी दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि आईपीएस किशन सहाय ने इन आरोपों को षड्यंत्र बताते हुए पुलिस से मोबाइल चैट की सही से जांच करने को कहा है।

# आठ शहरों में बारिश, कोटा में गिरे ओले

जयपुर

प्रदेश में आंधी-बारिश के बीच गर्मी का असर बरकरार है। शनिवार को जयपुर, सीकर, कोटा, बीकानेर, दौसा, चित्तोड़गढ़ सहित आठ शहरों बारिश हुई। जयपुर में बारिश के साथ आए अंधड़ से कई इलाकों में पेड़ भी गिर गए। कोटा में बारिश के साथ ओले गिरे। प्रदेश के 16 शहरों का दिन का पारा 40 डिग्री के पार दर्ज किया। जैसलमेर, बाड़मेर, फलौदी में पारा 44 डिग्री के पार रहा। सबसे ज्यादा बारिश बीकानेर में आधा इंच दर्ज की।

मौसम केंद्र जयपुर ने 15



जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। मई के पहले 15 दिन मौसम में बदलाव का दौर जारी रहेगा। मौसम केंद्र निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया मई के शुरुआती दो हफ्तों में लगातार आंधी और बारिश का दौर चलेगा। सामान्यतः मई में 5 से 6 दिन आंधी-बारिश होती है, लेकिन इस बार 10 से 12 दिन दोपहर बाद मौसम अचानक बदलने के आसार हैं। तापमान सामान्य से 1 से 2 डिग्री कम रह सकता है। राज्य में शनिवार को कहीं-कहीं पर मेघगर्जन व आंधी के साथ हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गई।

# देश को जल्द मिलेंगी हाइपरसोनिक मिसाइलें

### सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइलों से दोगुनी होगी रफ्तार

नई दिल्ली

भारत ने युद्धों की बदलती रणनीति को देखते हुए अत्याधुनिक 'हाइपरसोनिक' मिसाइल तकनीक पर काम तेज कर दिया है। डीआरडीओ प्रमुख समीर वी. कामत ने एक कार्यक्रम में बताया है कि देश जल्द 'हाइपरसोनिक ग्लाइड मिसाइल' और 'हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल' से लैस होगा।

इनकी रफ्तार सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल से दोगुनी होगी। इसकी खासियतों की वजह से दुनिया का कोई डिफेंस सिस्टम इन्हें रोक नहीं पाएगा। डीआरडीओ प्रमुख के अनुसार, ग्लाइड मिसाइल का




पहला परीक्षण जल्द संभव है। स्क्रैमजेट इंजन पर आधारित क्रूज मिसाइल को लेकर भी बड़ी कामयाबी मिली है। हाल ही में स्क्रैमजेट प्रोपल्शन का 1,000 सेकंड से ज्यादा समय तक परीक्षण सफल रहा है। औपचारिक मंजूरी मिलने के 5 साल में इस मिसाइल प्रणाली को सेना के बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य है। भारत एंटी-शिप मिसाइल भी विकसित कर रहा है। यह मिसाइल ब्रह्मोस की तुलना में और ज्यादा तेज होगी। इसके तीसरे चरण का परीक्षण इसी महीने किया जाना है।

#### चीन-रूस इस तकनीक में आगे

रूस के पास 'जिरकॉन' और 'किंजल' हाइपरसोनिक मिसाइलें हैं। चीन के पास 'डीएफ-जेडएफ' है, जो तैनात की जा चुकी हैं। वहीं, अमेरिका इस तकनीक में थोड़ा पीछ रह गया है। अमेरिका के पास टॉमहॉक तकनीक की 'सुपरसोनिक' मिसाइलें हैं। लेकिन हाल के सालों में हाइपरसोनिक प्रोजेक्ट्स जैसे एजीएम-183 एआरआरडब्ल्यू असफल रहे हैं।

#### अग्नि-6: सरकार की हरी झंडी मिलते ही काम शुरू

डीआरडीओ प्रमुख ने स्पष्ट किया कि अग्नि-6 मिसाइल कार्यक्रम के लिए तकनीकी रूप से टीम पूरी तरह तैयार है। जैसे ही सरकार से हरी झंडी मिलेगी, हम इस पर काम शुरू कर देंगे।

यह अग्नि सीरीज की सबसे आधुनिक 'इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल' होगी। माना जा रहा है कि इसकी मारक क्षमता 10,000 से 12,000 किलोमीटर तक हो सकती है। यह मिसाइल एक साथ कई परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम होगी, जिससे यह एक साथ कई लक्ष्यों को निशाना बना सकेगी।

# ईरान बोला-अमेरिका की गलत हरकत का कड़ा जवाब देंगे

### अमेरिका किसी समझौते को नहीं मानता, उसके वादे दिखावटी होते हैं

तेहरान/वॉशिंगटन डीसी

ईरान के सीनियर मिलिट्री अधिकारी मोहम्मद जाफर असदी ने आशंका जताई है कि अमेरिका के साथ फिर से युद्ध शुरू हो सकता है। ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी ने इस बारे में जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि ईरान की सेना पूरी तरह तैयार है और अगर अमेरिका कोई गलत कदम उठाता है, तो जवाब दिया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका किसी भी समझौते या वादे का पालन नहीं करता। असदी ने कहा कि अमेरिकी अधिकारियों के बयान और कदम



ज्यादातर दिखावटी और मीडिया के लिए होते हैं। उनका मकसद पहले तेल की कीमतों को गिरने से रोकना और दूसरा अपनी बनाई हुई मुश्किल स्थिति से बाहर निकलना है।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि वे ईरान को किसी भी हालत में परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे, क्योंकि यह पूरी दुनिया की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा है। इसी वजह से अमेरिका को ईरान के खिलाफ जंग में उतरना पड़ा।

**इजराइल ने लेबनान के कई कस्बों पर बमबारी की**

लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी नेशनल न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार इजराइली विमानों ने पिछले कुछ मिनटों में माउंट रिहान और बसालिया पर और साथ ही जेजीन क्षेत्र के अल-सरिरा शहर पर हमले किए।

#### अमेरिका परमाणु संधि का पालन नहीं कर रहा

ईरान ने अमेरिका पर परमाणु समझौते का पालन न करने का आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान ने कहा कि अमेरिका परमाणु अप्रसार संधि के नियमों का पालन नहीं कर रहा और उसका व्यवहार दोहरे मापदंड वाला है।

ईरान ने बयान में कहा कि पिछले 56 सालों से अमेरिका इस संधि के तहत अपनी जिम्मेदारियों का पालन नहीं कर रहा है। जबकि उसके पास हजारों परमाणु हथियार हैं।

साथ ही ईरान ने यह भी कहा कि अगर अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में काम किया जाए, तो यूरेनियम संवर्धन पर कोई कानूनी रोक नहीं है, जैसा कि ईरान के मामले में था।

# हिमाचल में ओलावृष्टि से भारी तबाही, आने वाले 5 दिन नहीं मिलेगी राहत

## सेब उत्पादक बागवानों को बड़ा नुकसान

**शिमला ।**

हिमाचल प्रदेश में इन दिनों ओलावृष्टि ने भारी तबाही मचा दी है, इससे खासकर सेब उत्पादक बागवानों को बड़ा नुकसान हुआ है। शिमला सहित कई इलाकों में तेज बारिश और ओलों ने सेब के पेड़ों को गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त किया है। कई जगहों पर पेड़ बीच से टूट गए हैं, जबकि एंटी-हेल नेट और उन्हें सहारा देने वाले बांस भी टूटकर गिर गए हैं। बागवानों का कहना है कि इस आपदा से उन्हें लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले पांच दिनों तक राहत मिलने की संभावना कम है। खासतौर पर 3 और 4 मई के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किय है, जिसमें भारी ओलावृष्टि और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला जैसे जिलों में विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। 5 और 6 मई को येलो अलर्ट भी जारी किया गया है। पिछले 24 घंटों में कई क्षेत्रों में अच्छी-खासी बारिश दर्ज की गई है। जुब्बड़हट्टी में 34 मिमी, शिमला में 15.8 मिमी, कसौली में 11 मिमी और कुफरी में 25 मिमी बारिश हुई। इसके अलावा सराहन, सलूणी और मनाली जैसे क्षेत्रों में भी बारिश और ओलावृष्टि देखने को मिली।

हालांकि बारिश के बाद पहाड़ी इलाकों में मौसम सुहावना हो गया है, लेकिन तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है। प्रदेश का न्यूनतम तापमान सामान्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया है। मनाली का अधिकतम तापमान 6.5 डिग्री गिरकर 16.8 डिग्री सेल्सियस रह गया, जबकि भुंतर, ऊना और मंडी में भी तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले पांच दिनों तक तापमान सामान्य से नीचे बना रहेगा। इसके बाद सेव बागवानों की चिंता और बढ़ गई है, क्योंकि लगातार खराब मौसम से फसल को और नुकसान होने की आशंका है। सरकार और प्रशासन से राहत और मुआवजे की मांग भी तेज हो गई है।

**बारिश के बाद पहाड़ों पर मौसम सुहावना**

पहाड़ों पर इसके बाद मौसम सुहावना हो गया है। प्रदेश में रात का पारा भी सामान्य से 0.9 डिग्री सेल्सियस नीचे गर गया है। सोलन के तापमान में सामान्य की तुलना में सबसे ज्यादा 3.2 डिग्री की गिरावट आने के बाद पारा 11.7 डिग्री रह गया है। इसी तरह अधिकतम तापमान भी सामान्य से नीचे गिरा है।

मनाली का पारा सामान्य से 6.5 डिग्री नीचे लुढ़का

मनाली का अधिकतम तापमान सामान्य से 6.5 डिग्री नीचे गिरने के बाद 16.8 डिग्री, भुंतर का पारा 6.5 डिग्री नीचे लुढ़कने के बाद 23.4 डिग्री, ऊना का 3.4 डिग्री की गिरावट के बाद 33.4 डिग्री, मंडी का सामान्य से 4.8 डिग्री नीचे लुढ़कने के बाद 29.8 डिग्री सेल्सियस रह गया है। इसी तरह, अन्य शहरों के तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। पहाड़ों पर अगले पांच दिनों के दौरान भी तापमान सामान्य से कम रहेगा।

# उत्तर से लेकर पूर्वोत्तर तक बदलेगा मौसम का मिजाज

### धूल भरी आंधी और भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली ।**



मई महीने की शुरुआत के साथ ही देश के बड़े हिस्से में मौसम के मिजाज में व्यापक बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग ने उत्तर, मध्य और पूर्वोत्तर भारत के लिए विशेष चेतावनी जारी की है, जिसमें मैदानी इलाकों में धूल भरी आंधी और गरज के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। हालांकि इस बदलाव से तपती गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है, लेकिन आंधी, बिजली गिरने और भारी वर्षा के कारण सुरक्षा का खतरा भी बना रहेगा। राजधानी दिल्ली सहित हरियाणा और चंडीगढ़ में 1 से 6 मई के बीच मौसम का असर दिखेगा। इस दौरान इन क्षेत्रों में 40 किमी/घंटा की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं और गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना है। उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भी 6 मई तक मौसम अस्थिर रहने वाला है। राजस्थान, विशेषकर पूर्वी हिस्सों में धूल भरी आंधी के साथ छिटपुट बारिश के आसार हैं। पहाड़ी राज्यों की बात करें तो उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में 5 मई तक मौसम सबसे अधिक सक्रिय रहेगा, जिससे पहाड़ी क्षेत्रों में यातायात और सामान्य जीवन प्रभावित हो सकता है। पूर्वी भारत में मौसम का सबसे आक्रामक रूप देखने को मिल सकता है। बिहार और झारखंड में अगले एक सप्ताह तक आंधी-तूफान का सिलसिला जारी रहने का पूर्वानुमान है। बिहार में 2 मई से 70 किमी/घंटा की रफ्तार वाला भीषण तूफान और भारी बारिश आने की आशंका है, जिसे लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही ओडिशा के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि की भी प्रबल संभावना जताई गई है।

# पश्चिम बंगाल चुनावः टीएमसी को झटका

### कोर्ट ने कहा- नहीं हो सकती वोटों में हेराफेरी

**कोलकाता ।**

पश्चिम बंगाल सहित देश के पांच राज्यों में 4 मई को होने वाली मतगणना से ठीक पहले सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस को कानूनी मोर्चे पर बड़ा झटका लगा है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी की उस याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है, जिसमें मतगणना प्रक्रिया के लिए केवल केंद्र सरकार के कर्मचारियों को पर्यवेक्षक नियुक्त करने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई थी। जस्टिस कृष्ण राव की पीठ ने इस मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए स्पष्ट किया कि मतगणना पर्यवेक्षकों और सहायकों के रूप में केंद्र सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों की नियुक्ति में कुछ भी अवैध नहीं है। अदालत ने अपने आदेश में जोर देकर कहा कि यह चुनाव आयोग का विशेषाधिकार है कि वह चुनावी निष्पक्षता बनाए रखने के लिए किसे नियुक्त करना चाहता है। टीएमसी ने अपनी याचिका में यह गंभीर आशंका जताई थी कि केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाले कर्मचारी भारतीय जनता पार्टी के प्रभाव में आकर काम कर सकते हैं, जिससे चुनाव परिणामों की शुचिता प्रभावित हो सकती है। हालांकि, अदालत ने इस दलील को कमजोर पाते हुए कहा कि मतगणना कक्ष के भीतर केवल पर्यवेक्षक ही मौजूद नहीं रहते, बल्कि वहां माइक्रो ऑब्जर्वर, विभिन्न उम्मीदवारों के काउंटिंग एजेंट और अन्य सुरक्षा कर्मी भी तैनात रहते हैं। इसके अतिरिक्त, पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी कैमरों की कड़ी निगरानी में होती है। ऐसी पारदर्शी व्यवस्था में वोटों की



हेराफेरी के आरोपों पर विश्वास करना कठिन है। अदालत ने यह भी सुझाव दिया कि यदि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद पार्टी को किसी विशिष्ट गड़बड़ी का आभास होता है, तो वह नियमानुसार चुनाव याचिका दायर करने के लिए स्वतंत्र है। विवाद की मुख्य जड़ मुख्य निर्वाचन अधिकारी का वह आदेश था, जिसमें प्रत्येक मतगणना टेबल पर कम से कम एक पर्यवेक्षक या सहायक के रूप में केंद्रीय कर्मचारी की मौजूदगी अनिवार्य की गई थी।

# नाबालिग अब नहीं रख सकेंगे दोहरे पासपोर्ट

## गृह मंत्रालय ने नागरिकता नियमों में किया बड़ा बदलाव

### ओसीआई आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने नागरिकता से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए सिटिजनशिप (संशोधन) नियम, 2026 को अधिसूचित कर दिया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी इन नए नियमों के तहत ओसीआई (ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया) आवेदन प्रक्रिया से लेकर पासपोर्ट संबंधी प्रावधानों में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं। इन बदलावों को नागरिकता प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और आधुनिक बनाने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

बताया जा रहा है कि नए नियमों के तहत अब ओसीआई कार्ड के लिए आवेदन पूरी तरह ऑनलाइन करना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही आवेदकों को फिजिकल ओसीआई कार्ड के साथ ई-ओसीआई (डिजिटल फॉर्म) का विकल्प भी उपलब्ध कराया जाएगा। सरकार का मानना है कि डिजिटल प्रणाली अपनाने से आवेदन प्रक्रिया तेज होगी और दस्तावेजों की जांच में पारदर्शिता बढ़ेगी। इन संशोधनों का सबसे अहम पहलू नाबालिगों से जुड़ा है। नए प्रावधान के तहत अब कोई भी नाबालिग एक ही समय में भारतीय और विदेशी दोनों पासपोर्ट नहीं रख सकेगा। सरकार के अनुसार, इस सख्ती का उद्देश्य नागरिकता से जुड़े विवादों और कानूनी अस्पष्टताओं को समाप्त करना है। यह कदम दोहरी नागरिकता से जुड़े संभावित दुरुपयोग को रोकने के लिए उठाया गया है। नए नियमों को लेकर



सरकार का दावा है कि इन नियमों के लागू होने से प्रवासी भारतीयों और ओसीआई कार्डधारकों के लिए प्रक्रियाएं अधिक सुव्यवस्थित होंगी। ऑनलाइन आवेदन प्रणाली के जरिए समय की बचत होगी और आवेदन प्रक्रिया अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल बनेगी। साथ ही डिजिटल रिकॉर्ड के कारण निगरानी और सत्यापन भी अधिक प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा। गौरतलब है कि ये नए नियम वर्ष 2009 में बनाए गए पुराने प्रावधानों की जगह लेंगे।

# सिवनी हवाला लूटकांड में डीएसपी को बड़ी राहत

### हाईकोर्ट ने कहा- कॉल डिटेल के आधार पर नहीं बनता अपराध, एफआईआर और चार्जसीट रद्ध

**जबलपुर।**

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस हिमांशु जोशी की एकलपीठ ने सिवनी के बहुचर्चित डेढ़ करोड़ हवाला लूट मामले में डीएसपी पंकज मिश्रा सहित तीन अन्य को बड़ी राहत दी हैं। इसके साथ ही उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर और चार्जसीट रद्द करने आदेश दिए है। यह बहुचर्चित मामला सिवनी के लखनवाड़ा क्षेत्र में 9 अक्टूबर 2025 को दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोप है कि महाराष्ट्र के जालना से आ रही एक क्रेटा कार को पुलिस ने रोका था। शिकायतकर्ता के अनुसार 2 करोड़ 96 लाख रुपए में से 1 करोड़ 45 लाख पुलिस अधिकारियों ने अपने पास रख लिए थे। इस कथित लूट में तत्कालीन एसडीओपी पूजा पांडे को मुख्य आरोपी बनाया गया था। इस मामले में डीएसपी पंकज मिश्रा पर यह आरोप लगया गया था कि उन्होंने जबलपुर क्राईम ब्रांच की सूचना को एसडीओपी पूजा पांडे तक पहुंचाया। 8 अक्टूबर 2025 की रात सिवनी में एसडीओपी पूजा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सीलादेही चौक पर महाराष्ट्र के हवाला कारोबारी सोहनलाल परमार की कार को रोका, तब उसमें से 2 करोड़ 96 लाख रुपए की रकम बरामद की थी। आरोपित है कि पुलिस टीम ने पूरी रकम जब्त की, लेकिन रिकॉर्ड में महज 1.45 करोड़ की जब्ती दिखाई गई। मामला सामने आने पर लखनवाड़ा थाना में एसडीओपी पूजा पाण्डेय, डीएसपी पंकज मिश्रा सहित 11 पुलिसकर्मियों पर प्रकरण दर्ज किया गया था। डीएसपी पंकज मिश्रा, आरक्षक प्रमोद सोनी और जबलपुर के व्यापारी पंजू गिरी गोस्वामी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पुलिस की एफआईआर को चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान आरोपियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष दत्त, प्रकाश उपाध्याय और अधिवक्ता अंकित सक्सेना ने दलीले पेश की।

# नीट यूजी 2026: रिकॉर्ड 22.79 लाख रजिस्ट्रेशन

## चिकित्सा क्षेत्र में बेटियों का दबदबा, बढ़ेंगी एमबीबीएस की सीटें!

**नई दिल्ली ।**

देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातक (नीट यूजी) 2026 के लिए इस बार कुल 22,79,743 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है। पिछले वर्ष की तुलना में उम्मीदवारों की संख्या में करीब 3000 की वृद्धि दर्ज की गई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इन सभी परीक्षार्थियों के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। इस बार परीक्षा में सबसे सुखद पहलू चिकित्सा के क्षेत्र में महिला अभ्यर्थियों की बढ़ती भागीदारी है। कुल पंजीकरण में लगभग 58 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की है, जिसमें 13,32,928 महिला और 9,46,815 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं। वहीं एमबीबीएस की सीटें बढ़ाए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

पिछले तीन वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि बेटियां न केवल पंजीकरण में, बल्कि सफलता के मामले में भी पुरुषों से आगे रही हैं। वर्ष 2025 में जहां 7.22 लाख महिलाएं उत्तीर्ण हुईं, वहीं पुरुषों की संख्या 5.14 लाख रही थी। यह रुझान इस वर्ष भी मजबूत दिख रहा है, जो स्वास्थ्य सेवाओं के भविष्य के लिए एक सकारात्मक संकेत है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों से लड़कियां डॉक्टर बनने का सपना लेकर बड़ी संख्या में परीक्षा में शामिल हो रही हैं।

अकेले बिहार से इस वर्ष 1.63 लाख अभ्यर्थी परीक्षा दे रहे हैं, जिनमें भी महिलाओं की संख्या अधिक है। दूसरी ओर, नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के सूत्रों के अनुसार, आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए एमबीबीएस सीटों में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। नए नियमों के तहत अब प्रति 10 लाख की जनसंख्या पर 100 सीटों की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया है। साथ ही,



नए मेडिकल कॉलेज खोलने और मौजूदा कॉलेजों में सीटों की संख्या बढ़ाने के मानकों को भी काफी सरल बनाया गया है। अब अधिकतम 150 सीटों की सीमा हटा दी गई है और मेडिकल कॉलेज व अस्पताल के बीच की दूरी को मैदानी क्षेत्रों में 10 किलोमीटर और पहाड़ी क्षेत्रों में 15 किलोमीटर तक रखने की अनुमति दी गई है।

इन बदलावों से न केवल नए मेडिकल कॉलेज खुलेंगे, बल्कि सीटों की संख्या बढ़ने से नीट जैसी कड़ी प्रतिस्पर्धा वाली परीक्षा का दबाव भी कुछ कम होगा। एमबीबीएस के अलावा बीडीएस, आयुर्वेद, यूनानी और सिद्ध जैसे पाठ्यक्रमों में भी नीट के माध्यम से ही प्रवेश दिया जाएगा। सीटों की सटीक संख्या आने वाले दिनों में आधिकारिक तौर पर घोषित की जाएगी, जिससे लाखों अभ्यर्थियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

# देश के कई राज्यों में आंधी-बारिश और ओले गिरने से 32 लोगों की मौत

### महाराष्ट्र का चंद्रपुर देश में सबसे गर्म, मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों में अलर्ट

**नई दिल्ली।**

उत्तर प्रदेश, दिल्ली, बिहार, झारखंड में आंधी-बारिश और ओले गिरने से तापमान में 3-5 डिग्री तक की गिरावट हुई। यूपी में गुरुवार को पिछले दो दिनों के दौरान आंधी-बारिश से 17 लोगों की मौत हो गई। बिहार में भी 5 लोगों की मौत हुई है। कर्नाटक के बेंगलुरु में बुधवार रात तेज बारिश और आंधी के दौरान हुई अलग-अलग घटनाओं में मरने वालों की संख्या अब 10 हो गई है। हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के चुराह में गुरुवार को पहाड़ से ग्लेशियर टूटकर गिर गया।

इस दौरान वहां सड़क से बर्फ हटाने में जुटे कर्मचारी और मजदूरों ने भागकर जान बचाई। हालांकि, राजस्थान और महाराष्ट्र में गर्मी से कोई राहत नहीं मिली है। गुरुवार को महाराष्ट्र का चंद्रपुर देश में सबसे गर्म रहा। यहां तापमान 44.6 डिग्री दर्ज किया गया। राजस्थान के बाड़मेर और जैसलमेर में 44 तापमान रहा। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार 2 मई को पाकिस्तान से सटे राजस्थान में लू चलेगी। साथ ही आंधी बारिश का भी अलर्ट है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार, झारखंड, बंगाल, दक्षिण कर्नाटक में आंधी बारिश का यलो अलर्ट है।

क्किम, असम, मेघालय, अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर मिजोरम, त्रिपुरा, तमिलनाडु और केरलम में भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका है। वहीं 3 मई रविवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, हिमाचल, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश और केरलम में बारिश होगी। बंगाल, असम, मेघालय और सिक्किम में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

# गौतम अडाणी ने अपनी शादी की 40वीं वर्षगांठ पर पत्नी संग की केदारनाथ धाम यात्रा

### महादेव के दर्शन और आशीर्वाद लेकर नई पहल 'अपनी बात, अपनों के साथ' की शुरू

**देहरादून ।**

गौतम अडाणी अपनी पत्नी प्रीति अडाणी के साथ केदारनाथ धाम यात्रा की और भगवान महादेव के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने नई पहल 'अपनी बात, अपनों के साथ' शुरू करने का ऐलान किया। एक्स पर गौतम अडाणी ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए विशेष है, एक ओर विश्व श्रमिक दिवस है और दूसरी ओर मेरी शादी की 40वीं वर्षगांठ है। इस पावन अवसर की शुरुआत मैंने अपनी पत्नी प्रीति के साथ केदारनाथ धाम में भगवान महादेव के दर्शन और आशीर्वाद से की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गौतम अडाणी ने कहा कि चार दशकों की इस यात्रा में, प्रीति का साथ मेरे लिए केवल जीवन का संबल नहीं, बल्कि हर चुनौती में एक शांत शक्ति और हर सफलता में एक विनम्र आधार रहा है, इसके लिए मैं हृदय से उनका आभारी हूं। हमने महादेव से प्रार्थना की कि वह हमारे देश को निरंतर प्रगति, समृद्धि और शक्ति प्रदान करें, और हम सभी को राष्ट्र निर्माण में अपना श्रेष्ठ योगदान देने की प्रेरणा दें। इसके साथ उन्होंने पोस्ट में कहा कि आज, विश्व श्रमिक दिवस के अवसर पर, मैं अडाणी परिवार के अपने 4 लाख से ज्यादा साथियों से जुड़ने के लिए एक नई पहल, 'अपनी बात, अपनों के साथ' की शुरुआत कर रहा हूं।

# जीएसटी संग्रह अप्रैल में 2.43 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली ।**

देश में मजबूत आर्थिक गतिविधियों का संकेत देते हुए, अप्रैल महीने में सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए 2.43 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, यह पिछले साल की तुलना में 8.7 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है। यह ऐतिहासिक संग्रह इससे पहले अप्रैल में दर्ज किए गए 2.23 लाख करोड़ रुपये के सर्वाधिक आंकड़े को भी पीछे छोड़ गया है। घरेलू बिक्री और खरीद से प्राप्त सकल राजस्व में 4.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो 1.85 लाख




करोड़ रुपये से अधिक रहा। वहीं आयात से जीएसटी संग्रह में 25.8 प्रतिशत की तेज वृद्धि देखी गई, जो 57,580 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

रिफंड जारी करने के बाद भी शुद्ध जीएसटी संग्रह 7.3 प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.11 लाख करोड़ रुपये रहा, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत गतिशीलता और उपभोक्ता मांग में सुधार को दर्शाता है। यूपीआई अब संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर सहित आठ से अधिक देशों में उपलब्ध है, जिससे भारत डिजिटल भुगतान के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बन गया है। यूपीआई की बढ़ती अंतरराष्ट्रीय पहुंच से प्रेषण में वृद्धि हो रही है, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिल रहा है और वैश्विक फिनटेक परिदृश्य में भारत की स्थिति मजबूत हो रही है।

# जापान का गुजरात पर भरोसाः सूरत बनेगा हाई-स्पीड रेल और निवेश का प्रमुख केंद्र : राजदूत केइची ओनो

### भारत-जापान साझेदारी नए युग में प्रवेश कर रही है, 2027 में 75 वर्ष पूरे होने पर होंगे विशेष आयोजन

**सूरत ।**

भारत में जापान के राजदूत केइची ओनो सूरत में आयोजित वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस में अपने संबोधन की शुरुआत गुजराती भाषा से करते हुए कहा कि वर्ष 2009 में जब जापान पहली बार वाइब्रेंट गुजरात समिट में भागीदार देश बना, तभी से वह लगातार गुजरात का पार्टनर बना हुआ है, जो उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सूरत भारत के अग्रणी व्यावसायिक शहरों में से एक है और वैश्विक स्तर पर डायमंड प्रोसेसिंग के प्रमुख केंद्र के रूप में प्रसिद्ध है। भारत-जापान संबंधों के संदर्भ में सूरत हाई-स्पीड रेलवे परियोजना का एक महत्वपूर्ण हब बनकर उभर रहा है।

राजदूत ने कहा कि सूरत जैसे महत्वपूर्ण शहर में इस निवेश समिट का आयोजन अत्यंत सराहनीय है। सूरत और गुजरात राज्य के समृद्ध आर्थिक विकास के लिए जापान हमेशा सहयोग करता रहेगा। मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि हजीरा स्थित आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया के स्टील प्लांट में लगभग 1.4 ट्रिलियन रुपये का निवेश हुआ है, जिससे 40 हजार से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। अब तक इस प्लांट से 7.2 मिलियन टन स्टील का उत्पादन हो चुका है, जिसे निकट भविष्य में बढ़ाकर 15 मिलियन टन किया जाएगा।

सेमीकंडक्टर सेक्टर पर उन्होंने कहा कि सरकार और निजी कंपनियों के बीच सहयोग तेजी से बढ़ रहा है, और जापान भारत के सेमीकंडक्टर निर्माण के सपने को साकार करने में, विशेष रूप से गुजरात में, पूरा सहयोग देगा।

हाई-स्पीड रेल प्रोजेक्ट के संदर्भ में उन्होंने सूरत को एक प्रमुख केंद्र बताते हुए कहा कि जापान सरकार इस परियोजना का मजबूती से समर्थन कर रही है और आने वाले समय में इसके ठोस परिणाम दिखाई देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि मारुति सुजुकी गाय के गोबर



से बायोगैस बनाने वाले एक प्लांट के निर्माण पर काम कर रही है। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि करने में भी योगदान देती है। राजदूत ने कहा कि पिछले वर्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जापान यात्रा के बाद दोनों देशों की विशेष रणनीतिक वैश्विक साझेदारी एक नए युग में प्रवेश कर चुकी है।

## लाइनमैन की घोर लापरवाही

# 11 केवी लाइन पर काम कर रहे अस्थायी कर्मी की करंट लगने से गंभीर हालत

### जहाजपुर के जालमपुरा की घटना, शटडाउन के बावजूद पीछे से चालू की बिजली, गंभीर हालत में रेफर किया गया

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर।** क्षेत्र के जालमपुरा गांव में बिजली विभाग की एक बड़ी और जानलेवा लापरवाही सामने आई है। यहां 11 हजार केवी (11ग्नङ्क) लाइन का फॉल्ट ठीक करने के लिए डीपी (डिस्ट्रिब्यूशन प्वाइंट) पर चढ़े एक अस्थायी कर्मचारी की अचानक बिजली चालू हो जाने से करंट लगने से गंभीर हालत में रेफर किया गया इस घटना के बाद कर्मचारी के परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में भारी आक्रोश है।

**लाइनमैन के कहने पर डीपी पर चढ़ा था युवक:**

जालमपुरा निवासी अमर सिंह मीणा (37) पुत्र राजू लाल मीणा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के खेतों से गुजर रही 11 केवी लाइन में पिछले तीन दिनों से फॉल्ट चल रहा था। आरोप है कि लाइन में लगातार खराबी होने के बावजूद संबंधित



लाइनमैन हंसराज बैरवा ने खुद काम करने के बजाय अस्थायी कर्मी अमर सिंह को इसे ठीक करने के लिए डीपी पर चढ़ा दिया।

**अचानक लाइन चालू होने से गंभीर हालत**

ग्रामीणों का आरोप है कि जब अमर सिंह लाइनमैन के कहने पर डीपी पर चढ़कर फॉल्ट ठीक कर रहा था, उसी दौरान बिना किसी पूर्व सूचना के पीछे से अचानक लाइन चालू कर दी गई। हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आने से अमर सिंह बुरी तरह झुलस गया ।

**मुआवजे और कार्रवाई की मांग, जांच शुरू**

परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए लापरवाह लाइनमैन और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, सूचना मिलने पर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।

## विकास रथ के साथ खजूरी पहुंचे कलेक्टर, अतिक्रमण हटाने के निर्देश



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले की खजूरी ग्राम पंचायत में आज राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के तहत 'विकास रथ' पहुंचा। इस दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू स्वयं मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के बीच बैठकर रथ पर लगी एलईडी के माध्यम से योजनाओं की विस्तृत जानकारी का अवलोकन किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रशासनिक अमले की भी उपस्थिति रही। एसडीएम राजकेश मीणा, विकास अधिकारी सियाराम मीणा एवं तहसीलदार रवि कुमार मीणा सहित अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उनकी समस्याएं सुनीं।

इस मौके पर ग्रामीणों ने खजूरी क्षेत्र में चारागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण का मुद्दा उठाया। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए अतिक्रमण हटाने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि प्रशासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाने के लिए प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने 'विकास रथ' पहल की सराहना करते हुए इसे जनजागरूकता के लिए एक प्रभावी माध्यम बताया।

## लाडपुरा बस स्टैंड पर प्रतिपदा इष्टि ज्येष्ठ कृष्ण तुला विशाखा पर मेला आयोजित



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** लाडपुरा बस स्टैंड पर प्रतिपदा इष्टि ज्येष्ठ कृष्ण तुला विशाखा पर मेला आयोजित हुआ है। यह मेला ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि को भरा जाता है, जो इस वर्ष 2 मई 2026 को है। कस्बे में मेला काफी प्रसिद्ध है। मेला इस साल शनिवार को भरा है। यह मेला हर साल ज्येष्ठ कृष्ण प्रतिपदा को ही लगता है और इलाके में काफी प्रसिद्ध है। ज्येष्ठ महीने की शुरुआत के साथ ही लगने वाला ये मेला गर्मी के बीच लोगों के लिए एक बड़ा आयोजन होता है। दूर-दूर से लोग यहां आते हैं।एक दिन पूर्व बैसाखी पूर्णिमा को यह मेला मेनाल लगता है उसी दिन शाम को दुकानदार लाडपुरा आ जाते है,काफी वर्षो तक यह आस पास के ग्रामीणों के लिए आवश्यक सामानों की खरीददारी का प्रमुख स्थल रहा है,अब पुराने समय जितनी भीड़ नहीं होती है लेकिन मेले का अभी भी सभी ग्रामीणों को इंतजार रहता है।छोटे बच्चों के खिलौने,झूले,गृहिणियों के लिए छोटे मोटे बर्तन,स्त्रियों के लिए सजा सज्जा की सामग्री एवं किसानों के लिए खेती एवं हल संबधी छोटे मोटे उपकरण भी मेले में मिलते है।

## दो बच्चों की मां ने फांसी लगाकर दी अपनी जान, घर में पंखे से लटका मिला शव

स्मार्ट हलचल |पुनित चपलोत

**भीलवाड़ा।** सुभाष नगर थाना क्षेत्र के सांगानेर में शनिवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां 22 वर्षीय विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और परिवार में मातम छा गया।

सुभाष नगर थाने के एएसआई परसराम ने बताया कि थाना पुलिस को टेलीफोन के जरिए सूचना मिली थी कि सांगानेर में एक महिला ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। वहां मौजूद लोगों ने मृतका की पहचान सोनू देवी लुहार (22), पत्नी अशोक लुहार के रूप में की।

पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए मौके की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी करवाई तथा शव को नीचे उतारकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया। फिलहाल महिला द्वारा यह कदम उठाने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने शव को सुरक्षित रखवाते हुए



पीहर पक्ष को सूचना दे दी है। उनके आने के बाद पोस्टमार्टम कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

परिजनों के अनुसार, मृतका दो छोटे बच्चों की मां थी। अचानक हुई इस घटना से दोनों बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया, जिससे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## कारोई थाने की मेश मे फंदे पर लटका मिला एएसआई का शव

स्मार्ट हलचल |गंगापुर

कारोई थाने की मेश मे फांसी के फंदे पर एएसआई विष्णु सिंह का शव फंदे से लटका मिला । सुबह थाने का



लांगरी जब वहां गया तब घटना का पता लगा । लबें समय से कार्य को लेकर मृतक एएसआई तनाव मे था । कारोई थाने मे तैनात था एएसआई विष्णु सिंह, मृतक रानोली सीकर का रहने वाला है। सूचना मिलने परआला अधिकारी मोके पर पहुंचे, गौरतलब है कि दो माह मे दूसरा एएसआई भीलवाड़ा पुलिस ने खोया है । विष्णु सिंह हाल ही मे हेड कांस्टेबल से एएसआई बना था । भीलवाड़ा पुलिस मे शोक की लहर है। मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाया ओर आवश्यक कार्यवाही की । पुलिस मौत के कारणो की जानकारी जुटा रही है।

## भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी सभा के आगामी सत्र 2026-29 हेतु श्रृंखलाबद्ध चुनाव प्रक्रिया शुरू

### नामांकन की तिथि घोषित, नामांकन से लेकर मतदान तक की तैयारियां तेज, पदाधिकारियों के चयन को लेकर समाज में बढ़ी सरगर्मी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में माहेश्वरी सभा जिला इकाई के आगामी सत्र 2026-2029 के लिए श्रृंखलाबद्ध चुनाव प्रक्रिया विधिवत रूप से प्रारंभ हो गई है। चुनाव को लेकर समाज के सदस्यों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मुख्य चुनाव अधिकारी रतन लाल मंडोवरा ने बताया कि भीलवाड़ा नगर सहित सभी तहसील सभाओं के चुनाव माह मई 2026 में पूर्ण कर क्षेत्रीय सभा, तहसील, भीलवाड़ा नगर सभा का विधिवत गठन किया जाएगा। इस हेतु भीलवाड़ा नगर के पंद्रह क्षेत्रीय सभाओ में आगामी रविवार से ही चुनाव प्रक्रिया शुरू हो जाएगी, साथ ही विभिन्न तहसील सभा के भी चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। उसके बाद तहसील प्रतिनिधियो का चयन कर तहसील सभाओं, व नगर प्रतिनिधियों का चुनाव कर नगर सभा भीलवाड़ा का गठन किया जाएगा। साथ ही नगर एवं तहसीलों से जिला सभा के आगामी सत्र 2026-2029 हेतु जिला प्रतिनिधियों का चुनाव कर जिला सभा का गठन किया जाना प्रस्तावित है। मंडोवरा ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए सभी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए आवश्यक प्रशासनिक और व्यवस्थात्मक तैयारियां भी की जा रही हैं, ताकि सभी चरण शांतिपूर्ण ढंग से पूरे हो सकें। वर्तमान में संपूर्ण जिले में महासभा की पोर्टल से प्राप्त सूची अनुसार सदस्यता नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने आया है। चुनाव को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है और संभावित प्रत्याशी भी सक्रिय नजर आ रहे हैं। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने सभी से आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की है। चुनाव सम्पन्न होने के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, जो अगले तीन वर्षों तक समाज की गतिविधियों का संचालन करेगी।

## शाहपुरा भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारी की बैठक संपन्न

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शाहपुरा नगर मंडल में पदाधिकारीयो की बैठक विधायक कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के मुख्य अतिथि नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी की अध्यक्षता में भाजपा जिला महामंत्री अविनाश जीनगर के सानिध्य में आयोजित हुई।

पदाधिकारीयो की इस महत्वपूर्ण बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की बात सुनना और कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में सहभागिता करना अति आवश्यक है पदाधिकारी के साथ निरंतर प्रतिमाह बैठकर संगठन को मजबूत करना



क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं का उचित स्थान पर निराकरण करवाना और वन वे नहीं होकर कार्यकर्ताओं से टू वे कनेक्शन होना अति आवश्यक है। कार्यकर्ता संगठन का काम करके सरल ऐप पर अपनी उपस्थिति निश्चित रूप से दर्ज कराये।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी में नगर मंडल में अब तक किए गए कार्यों की रूप रेखा रखी। बैठक को भाजपा जिला महामंत्री अविनाश जीनगर ने भी संबोधित किया।

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, जिला मंत्री राजेंद्र बोहरा, नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी, विधानसभा संयोजक शिवराज कुमावत, सहसंयोजक बजरंग सिंह राणावत, सोशल मीडिया संयोजक रामकिशन माली,नगर मंडल महामंत्री जितेंद्र पाराशर, राजाराम पोरवाल, नगर मंडल उपाध्यक्ष प्रमोद छिपा, प्रहलाद कहार, सीताराम बैरवा, सुनिता बलाई, शारदा सोनी, मंडल मंत्री मुकेश माली,राधा साहू, सोनाली पोरवाल,रघुवीर सिंह राठौड़, ममता घारू सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## श्री राम पशु पक्षी गौ सेवा संस्थान की 13 वीं प्याऊ का उद्घाटन

### भीषण गर्मी में आमजन के लिए दौसा शहर में तेरह जगह पर ठंडी प्याऊ संचालित




स्मार्ट हलचल

**दौसा।** श्री राम पशु पक्षी गौ एवं जन सेवा संस्थान दौसा द्वारा एक ओर नई प्याऊ का शुभारंभ विधि विधान से किया गया। प्याऊ का उद्घाटन संस्था के अध्यक्ष मथुरेश बिहारी जायसवाल एवं संस्था के महासचिव मनीष बंसल द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर संस्थान के मुख्य संरक्षक एवं संस्थापक घनश्याम जायसवाल गुरुजी ने बताया कि अब तक संस्थान द्वारा कुल 13 जगह पर ठंडी प्याऊ संचालित कर लोगों को ठंडा एवं मीठा पानी पिलाया जा रहा है। हर रोज मीठा पानी और बर्फ डलवाई जा रही है। हजारों लोग रोज पानी पीकर इस भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझा रहे हैं। 24 घंटे 12 महीने चलने वाला यह कार्य पिछले 4 वर्ष से लगातार चल रहा है।

संस्थान के मीडिया प्रभारी कवि कृष्ण कुमार सैनी ने बताया कि संस्थान जन सेवा के साथ-साथ पशु पक्षी एवं गौ सेवा का कार्य भी करती हैं, जिसमें प्रतिदिन सुने एवं गौशाला के गोवंशों के लिए हरा चारा, सब्जियां, पानी, इलाज की व्यवस्था की जाती है। पक्षियों के लिए दाना पानी एवं गर्मियों में वृहद स्तर पर परिंडे लगाए जाते हैं ।

साथ ही बंदरों के लिए फल रोटियां, सीके हुए चने, मछलियों के लिए दाना, बिना मां-बाप एवं गरीब बच्चियों की शादी में यथाशक्ति सहयोग, दौसा से खाटू श्याम मासिक बस सेवा यात्रा इत्यादि कार्य लगातार किए जा रहे हैं। यह सब कार्य आम जन के सहयोग से संचालित होते हैं।

इस दौरान राजेश शर्मा, महेंद्र जायसवाल, कवि कृष्ण कुमार सैनी, राजेंद्र सैनी, राकेश अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, दीपक कट्टा एवं अन्य आमजन उपस्थित थे।

## वन्यजीवों की गणना, वाटर होल पर दिखे जानवर,पोटलां तालाब में मगरमच्छ सहित जल चर व अन्य वन्य जीवों की हुई गणना

स्मार्ट हलचल|पोटलां

कस्बे के बड़े तालाब पर वन विभाग द्वारा शुक्रवार को पूर्णिमा के दिन वाटर होल पद्धति से वन्यजीवों की गणना की गई. जो शुक्रवार शाम 5 बजे से लेकर शनिवार 5 बज तक तालाब पर लगातार 24 घंटे निगरानी रख कर वन्यजीवों की गणना की गई. इस दौरान वन कर्मियों द्वारा वन्यजीवों की गणना की. इसके बाद वन्यजीवों की गणना के आंकड़े एकत्रित करके वन मुख्यालय भेजे गए. इससे वन्यजीवों की वास्तविक संख्या का आंकलन होगा. वनपाल नारायण सिंह चुंडावत



ने बताया कि वन्यजीव गणना हमेशा पूर्णिमा को ही की जाती है. पूर्णिमा की चांदनी रात को वन्यजीवों की गणना आसानी से हो पाती है. मचान पर बैठे कर्मचारी आसानी से चांदनी रात के उजाले में वन्यजीवों की गिनती आसानी से कर पाते हैं. वन्यजीव पानी पीने के लिए वाटर पॉइंट पर जरूर आते हैं. गणना में वन्यजीवों की संख्या का आंकलन किया जा रहा है. वाटर होल पद्धति से वन्यजीव गणना से वन्यजीवों की संख्या के वास्तविक आंकड़े मिल पाते हैं. क्षेत्रीय वन अधिकारी गीता शर्मा ने पोटलां तालाब पर गणना के औचक निरीक्षण के दौरान बताया कि वन्यजीवों की गणना प्रोटोकॉल से की जाती है. ऐसे में इन जलाशयों व जलस्रोतों में वन्यजीवों को वाटर हॉल सेंसस के जरिए गिना जाता है. वन्यजीवों की वास्तविक स्थिति का भी पता लग पाता है.तालाब पर मगरमच्छ, नीलगाय, मोरे, भेड़िया, वे जल चर पक्षी वाटर होल पर दिखाई दिए व पैंथर के पग मार्क मिले जिससे पैंथर के होने की पुष्टि हुई.इस दौरान सोनू शर्मा वनरक्षक, पृथ्वीराज टेकनिशन सहित वन्य जीव प्रेमियों द्वारा वन्य जीव गणना की गई।

## लखमणियास में सात दिवसीय वन कुण्डात्मक महारुद्र यज्ञ आज



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर क्षेत्र के लखमणियास गांव में धोलाई देवनारायण मंदिर पर कलश स्थापना निमित सात दिवसीय नव कुण्डात्मक महारुद्र यज्ञ की शुरुआत आज रविवार 3 मई से होगी । महारुद्र यज्ञ की शुरुआत आज कलश यात्रा के साथ होगी । ग्रामीण कालूलाल जाट ने बताया की लखमणियास गांव में धोलाई के देवनारायण मंदिर पर कलश स्थापना को लेकर सात दिवसीय नव कुण्डात्मक महारुद्र यज्ञ की शुरुआत आज रविवार को होगी । जिसमे आज प्रातः 9:15 बजे कलश यात्रा की शुरुआत होगी, कलशयात्रा व शोभायात्रा गांव में भ्रमण करते हुए दोपहर 12:15 बजे मण्डल प्रवेश और मंडप पूजन होगी । सोमवार 4 मई को प्रातः 9:15 बजे मंड़प पूजन, पंचांग पूजन, अग्नि स्थापना, स्थापित देवता हवन, कलश अभिषेक व अन्नाधिवास और आरती होगी । श्री श्री 1008 श्री दीपक पुरी जी महाराज नीलकण्ठ महादेव, माड़ल और सरेडी मठ के सानिध्य में महारुद्र यज्ञ होगा । यज्ञ आचार्य पंडित चांदमल उपाध्याय सवाईपुर यज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार करेंगे । शनिवार 9 मई को प्रातः 12:15 बजे अभिजीत मुहूर्त में मंदिर शिखर पर कलश की स्थापना होगी, वही दोपहर 2:15 बजे पूर्णाहुति एवं महा आरती होगी और दोपहर 3:15 बजे प्रसादी का भोग लगाकर प्रसादी वितरण की जाएगी।

## भीलवाड़ा सिन्धी समाज की पंचायत के चुनाव की मांग को लेकर सकल सिन्धी समाज की बैठक

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

सकल सिंधी समाज की और से एक विशेष बैठक पंचायत चुनाव को लेकर रविवार 3 मई सांय 7.00 बजे संत कंवर राम धर्मशाला सिंधु नगर में रखी गई है ।

जिसमें पू.सिंधी सेंट्रल पंचायत के प्रस्तावित चुनाव को समाज के आमजन में जो जिज्ञासा हैं उनका समाधान का प्रयास किया जाएगा और अधिकतम सदस्य बनाकर समाज में जागरूकता का प्रयास किया जाएगा व समस्त सिन्धी समाज की बहुप्रतीक्षित मांग पंचायत का चुनाव हो यह एजेंडा प्रमुख रूप से रखा जाएगा ।। समाज को एक



अध्यक्ष सहित नई कार्यकारिणी मिले समाज को एक नई दिशा मिले इस हेतु बैठक आहूत की गई है विगत एक दशक के ज्यादा समय से समाज मे चुनाव नही हुए हैं अतः समाज के सभी वर्गों में पंचायत चुनाव कराने की मांग उठ रही हैं।

## सड़क निर्माण में लापरवाही: राजपुरा में दूषित हो रहा है पेयजल





स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** काछोला- ग्राम पंचायत सरथला के राजपुरा गाँव में निर्माणाधीन एमडीआर (मुख्य जिला मार्ग) रोड ग्रामीणों के लिए सुविधा के बजाय मुसीबत का सबब बन गया है। विभाग और ठेकेदार की अनदेखी के चलते गाँव का सार्वजनिक पेयजल बोरिंग दूषित हो रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में बीमारियों के फैलने का भय व्याप्त है।

प्रमुख समस्याएँ और लापरवाही: नाली निर्माण का अभाव: गाँव की मुख्य पानी की टंकी और स्कूल के पास सड़क निर्माण तो किया जा रहा है, लेकिन जल निकासी के लिए पक्की नाली नहीं बनाई गई है।

बोरिंग में जा रहा है गंदा पानी: नाली न होने के कारण सड़क और नालियों का कीचड़युक्त गंदा पानी सीधे सार्वजनिक बोरिंग में उतर रहा है। यही बोरिंग पूरे गाँव की प्यास बुझाने का मुख्य स्रोत है।

प्रशासनिक अनदेखी: स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों को इस बारे में कई बार अवगत कराया गया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

**सामाजिक कार्यकर्ता की चेतावनी**

भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता दुर्गा लाल बैरवा ने मौके की स्थिति को अत्यंत चिंताजनक बताया है। उन्होंने कहा कि 'दर्जनों घरों और स्कूल के सामने जमा यह गंदा पानी न केवल रास्ते को नारकीय बना रहा है, बल्कि सीधे पेयजल स्रोतों को जहर बना रहा है। यदि प्रशासन ने समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया और पक्की नाली का निर्माण नहीं कराया, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। '

**ग्रामीणों की मांग:**

जल निकासी के लिए तत्काल पक्की नाली का निर्माण किया जाए। दूषित हो रहे बोरिंग को सुरक्षित किया जाए और पानी की शुद्धता की जांच हो। कार्य में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। इस दौरान समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## 21 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला, आत्महत्या का लग रहा मामला

स्मार्ट हलचल |बानसूर

क्षेत्र के नारायणपुर रोड स्थित नाई की बगची में शनिवार सुबह 21 वर्षीय युवक ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सुनील मीणा पुत्र रोहिताश्व मीणा, निवासी बानसूर के रूप में हुई है। सुबह ग्रामीणों ने युवक का शव पेड़ से लटका देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर उप जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला सामने आया है। फिलहाल कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं, पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है।

# आज रंग है री मां, रंग है री... के साथ गूंजा उर्स, रूहानियत और कौमी एकता का अनुपम संगम

## पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से दरगाह पर पेश की गई चादर, अमन-चैन और खुशहाली की मांगी गई दुआएं

स्मार्ट हलचल

**निंबाहेड़ा।** निंबाहेड़ा की सरज़मीं पर शनिवार को रूहानियत, अकीदत और कौमी एकता का अद्भुत नज़ारा उस समय देखने को मिला, जब हज़रत रोशन अली बावा साहब रहमतुल्लाह अलैहे के 65 वें सालाना सद्भावना उर्स के पावन अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री श्री उदयलाल आंजना की ओर से कांग्रेसजनों ने दरगाह शरीफ़ पहुंचकर चादर शरीफ़ पेश की। इस दौरान क्षेत्र में अमन-ओ-अमान, भाईचारे, खुशहाली और तरक्की के लिए सामूहिक रूप से विशेष दुआएं की गईं। रोशन अली बावा सेवा संस्थान, निंबाहेड़ा के तत्वावधान में आयोजित इस चार दिवसीय उर्स महोत्सव ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि गंगा-जमुनी तहज़ीब और सामाजिक सौहार्द का जीवंत प्रतीक है, जहां हर मजहब और तबके के लोग एक साथ मिलकर मोहब्बत और इंसानियत का पैग़ाम देते हैं।

कार्यक्रम में नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष श्री सुभाष चन्द्र शारदा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री बंशीलाल राइवल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन महासचिव रवि प्रकाश सोनी, मुस्लिम वक़्फ़ कमेटी के सदर सलीम चाचा, अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष मोहम्मद भाई कुरैशी, जिला फुटबॉल संघ सचिव फैसल खान, कांग्रेस कच्ची बस्ती प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष अहमद हुसैन, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रोमी पोरवाल, नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शमशु कमर मंसूरी, महासचिव जावेद खान, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष आजाद बापू, पूर्व पार्षद अतीक खान, कालू कुमावत, आजाद भाई एवं मंसूर अली बोहरा सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।



### पारंपरिक अंदाज़ में इस्तक़बाल, दस्तारबंदी ने बढ़ाई रौनक

उर्स कमेटी एवं रोशन अली बावा सेवा संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का पारंपरिक अंदाज़ में माल्यार्पण, साफा बंधवाकर एवं दस्तारबंदी कर भव्य स्वागत किया गया। यह दृश्य केवल स्वागत भर नहीं था, बल्कि आपसी भाईचारे, सम्मान और एकता की मजबूत झलक भी प्रस्तुत कर रहा था।

### दरगाह पर उमड़ा जनसैलाब, दुआओं से गूंजा माहौल

उर्स के दौरान दरगाह शरीफ़ पर अकीदतमंदों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर ओर इबादत, तिलावत, दुआ और मोहब्बत का माहौल देखने को मिला। दूर-दराज़ से आए जायरीन बावा साहब की बारगाह में हाज़िरी देकर अपनी मन्नतें मांगते नजर आए। पूरे परिसर में एक सुकून भरा आध्यात्मिक वातावरण बना रहा, जिसने हर किसी के दिल को छू लिया।

### हर वर्ग की भागीदारी ने बढ़ाई आयोजन की गरिमा

इस मौके पर संस्थान के सदर सादिक हुसैन, नायब सदर ज़ाकिर हुसैन, सचिव मतलूब अजमेरी, उर्स संयोजक मो. फारूक छीपा, कोषाध्यक्ष अयाज़ खान, हाजी कल्लू बा मंसूरी, जमील खान ऊर्फ भाया भाई बैट्री, रफ़ीक मेवाफरोश, साकिब छिपा, अब्दुल हमीद ऊर्फ भूरू मेव, नाहिद मौलाना, फिरोज गौरी, मोहसिन खान, नदीम खान, तालिब अहमद, तनवीर अली, साहिल भाई, अब्दुल हक, नदीम खान, इमरान खान, सलीम ज़ई, अनीस अहमद शेख़, भूरू शेख़, तनवीर मेव, यूसुफ मंसूरी, रजा इंदौरी, वसीम हटेली, अनवर पेंटर, आजाद गौरी, महबूब भाई, नासिर खान, सलीम पठान, असलम नियारगर, अमीरउल्लाह खान, शहजाद मेवाफरोश, अख्लाक मंसूरी एवं अकबर खान सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। साथ ही शहर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और बड़ी संख्या में अकीदतमंदों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

### 'आज रंग है री मां...' पर झूम उठा पंडाल

उर्स के समापन अवसर पर बाद नमाज़ जुम्मा महफ़िल-ए-रंग, दस्तारबंदी एवं फातेहा ख्वानी का आयोजन किया गया। इस दौरान दिल्ली के मशहूर कव्वाल आमिल आरिफ़ साबरी और उज्जैन के लोकेश जीवन साबरी ने सूफी संत हज़रत अमीर खुसरो की अमर रचना 'आज रंग है री मां, रंग है री...' पेश की। जैसे ही यह कलाम गूंजा, पूरा पंडाल सूफियाना रंग में रंग गया और आशिक-ए-रसूल झूम उठे। इसके साथ ही अजमेर से आई मलंगों की टोली ने अपने हैरतअंगेज करतबों से कार्यक्रम में अलग ही रंग भर दिया, जिसे देख दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

### कुल की रस्म और फातेहा ख्वानी के साथ हुआ समापन

कार्यक्रम के अंत में कुल की रस्म अदा की गई, जिसमें मौजूद जायरीनों को कुल का छींटा लगाकर दुआओं के साथ विदाई दी गई। फातेहा ख्वानी वसीम साहब इरफानी एवं अजमेर मलंग पार्टी के सरदार मंसूर अली द्वारा कराई गई।

### मोहब्बत, इंसानियत और एकता का संदेश

यह उर्स आयोजन एक बार फिर यह संदेश देने में सफल रहा कि निंबाहेड़ा की धरती आज भी कौमी एकता, भाईचारे और गंगा-जमुनी तहज़ीब की मिसाल है। यहां धर्म, जाति और वर्ग से ऊपर उठकर लोग एकजुट होकर इंसानियत और मोहब्बत का पैग़ाम देते हैं।

# पुण्य कर्मों से होता है पापों का नाशः संत अनंतराम शास्त्री



स्मार्ट हलचल

**बड़ीसादड़ी।** उपखंड क्षेत्र के नंगाखेड़ी गांव में शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ हुआ। दिव्य आनंद धाम आश्रम के संत अनंत राम शास्त्री महाराज ने बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल सुनने का विषय नहीं, बल्कि उसे जीवन में उतारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दीपक जलने से अंधकार स्वतः समाप्त हो जाता है, उसी प्रकार पुण्य कर्मों के प्रभाव से पाप नष्ट हो जाते हैं। यदि जीवन में कभी भूलवश पाप कर्म हो गए हों तो आज से ही उनका त्याग कर पुण्य कार्यों का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने धर्म, सेवा और सदाचार को मानव जीवन का वास्तविक आभूषण बताया। प्रवचन से पूर्व गांव के विभिन्न मोहल्लों से पारंपरिक वेशभूषा में सजी सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भव्य कलश यात्रा निकाली। स्वामीजी के सान्निध्य में निकली यह शोभायात्रा पूरे गांव में आकर्षण का केंद्र रही। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कथा आयोजन नंगाखेड़ी के प्रसिद्ध किसान स्वर्गीय रामसिंह बेनीवाल की स्मृति में उनके भाई लालचंद बेनीवाल तथा पुत्र बाबूलाल और कमल सिंह बेनीवाल की ओर से कराया जा रहा है। कथा प्रतिदिन सुबह 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित होगी। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतिदिन आरती के पश्चात सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया जाएगा। भीषण गर्मी को देखते हुए कथा स्थल पर विशाल पंडाल में आधुनिक कुलरों एवं फव्वारों से शीतलता की विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं दो सौ से अधिक स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की सेवा में निरंतर जुटे हुए हैं।

# नव नियुक्त सीएचओ का स्वागत

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** चित्तौड़गढ़-सामुदायिक स्वास्थ्य संगठन द्वारा एक निजी होटल में नव नियुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी नवनियुक्त अधिकारियों का माल्यार्पण कर, कुमकुम तिलक लगाकर तथा मुंह मीठा कर बधाई और शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष विपुल शर्मा ने कहा कि पिछले चार वर्षों में सीएचओ ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत अब ग्रामीणों को अपने ही क्षेत्र में बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो रही हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सीएचओ की



तैनाती से पीएचसी, सीएचसी, उपजिला अस्पताल और जिला अस्पतालों में ओपीडी का दबाव कम हुआ है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार देखने को मिला है।

नव पदस्थ सीएचओ के आगमन से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी तथा दूर-दराज के गांवों में बैठे लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

इस दौरान संगठन के जिला संरक्षक डॉ. सी.पी. पटेल, जिला महासचिव सुनील गवारिया, हेमराज मीणा, जिला मंत्री शौकीन रेगर, ब्लॉक अध्यक्ष राकेश पानिया, सुनीता धाकड़, चिरंजीव रेगर, पूर्णिमा पलाडिया सहित सैकड़ों सीएचओ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रईस मंसूरी ने किया।

# पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से गुरु गोरखनाथ जयंती पर निकली शोभायात्रा का कांग्रेसजनों ने किया आत्मीय स्वागत





स्मार्ट हलचल| निंबाहेड़ा

राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से श्री गुरु गोरखनाथ जी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर नगर में निकाले गए भव्य चल समारोह एवं शोभायात्रा का कांग्रेसजनों द्वारा पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

शुक्रवार सायंकाल आयोजित इस धार्मिक आयोजन में निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चंद्र शारदा, नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राइवल सहित उपस्थित कांग्रेसजनों ने शोभायात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए उन्हें जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस दौरान शोभायात्रा में सुसज्जित रथ में विराजित श्री गुरु गोरखनाथ जी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा तथा नगर में सामाजिक समरसता एवं सौहार्द का संदेश भी स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता रही।

इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव रवि प्रकाश सोनी, मुस्लिम वक्फ कमेटी के सदर सलीम चाचा, कांग्रेस नगर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष मोहम्मद कुरैशी, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रोमी पोरवाल, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष आजाद बापू, नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष शमशु कमर मंसूरी, महासचिव जावेद खान, पूर्व पार्षद शोभाराम जाट, शांतिलाल लाडना, कालू कुमावत, महावीर पालेचा, रमेश चंद्र खटीक, अनिल मीणा एवं कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# हरसौरा में जल संकट बरकरार, विभाग के दावे खोखले साबित

स्मार्ट हलचल |बानसूर

निकटवर्ती हरसोरा कस्बे में पिछले दो दिनों से चल रही मशक्कत के बावजूद पेयजल समस्या पूरी तरह खत्म नहीं हो सकी है। जलदाय विभाग के अधिकारियों द्वारा नया वाल्व लगाने के बाद पानी की समस्या समाप्त होने का दावा किया गया था, लेकिन शनिवार को भी मेघवाल मोहल्ला और छीपी मोहल्ले में हालात जस के तस बने रहे। इन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति बाधित रहने पर विभाग को टैंकरों के माध्यम से पानी सप्लाई करनी पड़ी। दूसरी ओर, कस्बे के कई लोग अब भी निजी टैंकरों से पानी मंगवाने को मजबूर हैं, जिससे आमजन को आर्थिक बोझ भी उठाना पड़ रहा हैं। समस्या के समाधान के लिए जलदाय विभाग की टीम ने गोपीनाथ महाराज मंदिर के पास जेसीबी मशीन से खुदाई कर पाइपलाइन के जोड़ों की जांच की। इस दौरान शनिवार को एईएन विजय मीरवाल और जेईएन ललतेश गुर्जर भी मौके पर मौजूद रहे। विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शाम करीब 6 बजे तक मौके पर डटे रहे, लेकिन इसके बावजूद स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हो सकी। इस संबंध में जेईएन ललतेश गुर्जर ने बताया कि विभाग लगातार काम में जुटा हुआ है और प्रयास किए जा रहे हैं कि जल्द से जल्द समस्या का समाधान कर दिया जाए।

# ब्यावर में लू-तापघात प्रबंधन और मौसमी बीमारियों पर प्रशासन सख्त, डॉ. चौधरी ने जांची व्यवस्थाएं।

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला प्रभारी अधिकारी डॉ. प्रदीप चौधरी ने 30 अप्रैल से 2 मई तक जिले के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का तीन दिवसीय सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए हीट वेव (लू) प्रबंधन, मौसमी बीमारियों और टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की।

### हीट वेव प्रबंधन पर विशेष जोर

निरीक्षण के दौरान डॉ. चौधरी ने लू-तापघात से निपटने के लिए अस्पतालों में बेड प्रबंधन, छाया, ठंडे पानी की व्यवस्था, डेडिकेटेड एम्बुलेंस और दवाओं की उपलब्धता का बारीकी से विश्लेषण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि भीषण गर्मी में आने वाले मरीजों को तत्काल उपचार मिलना सुनिश्चित किया जाए।



### अमृत कोर अस्पताल और उपखंड केंद्रों का निरीक्षण

प्रभारी अधिकारी ने अमृत कोर जिला चिकित्सालय के आईसीयू का गैप एनालिसिस कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने उपजिला चिकित्सालय रायपुर, जैतारण और बिजयनगर का भी दौरा किया। डॉ. चौधरी ने संस्थानों में निःशुल्क दवा एवं जांच योजना के स्टॉक, वार्डों की सफाई और स्टोर का भौतिक सत्यापन किया। सुरक्षा की दृष्टि से सभी संस्थानों में फायर उपकरणों की उपयोगिता को जांचा और दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### एचपीवी वैक्सीनेशन की सराहना

शनिवार को अग्रवाल माधोपुरिया पंचायत में आयोजित एचपीवी वैक्सीनेशन कैंप का अवलोकन करते हुए डॉ. चौधरी ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे कैंपों से समाज में वैक्सीन के प्रति फैली भ्रांतियां दूर होंगी और अन्य समाज भी इससे प्रेरित होकर आगे आएंगे।

### समीक्षा बैठक में दिए डिजिटल रिपोर्टिंग के निर्देश

दौरे के अंतिम दिन डॉ. चौधरी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय गहलोत व अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने 'सैल्फ मॉनिटरिंग ओडीके ऐप' और फील्ड वर्कर (आशा/सीएचओ/एएनएम) द्वारा 'आउटरिच आईएचएमआईएस' के उपयोग पर जोर दिया।

बैठक के अंत में डॉ. चौधरी ने जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले की प्रमुख समस्याओं से उन्हें समय-समय पर अवगत कराते रहें ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सके।

# गंगापुर सिटी स्टेशन बनेगा आधुनिकता का नया प्रतीक

## अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत 34.48 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास कार्य लगभग पूर्णता की ओर

स्मार्ट हलचल|गंगापुर सिटी/कोटा

राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में स्थित गांगापुर सिटी रेलवे स्टेशन न केवल इस क्षेत्र का प्रमुख रेलवे केंद्र है, बल्कि दिल्ली-मुंबई मुख्य रेल मार्ग पर स्थित होने के कारण यह यात्रियों के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण पारगमन केंद्र भी है। गांगापुर सिटी दिल्ली, मुंबई, जयपुर, कोटा, आगरा, उदयपुर, अमृतसर तथा देश के अन्य प्रमुख शहरों से सीधे रेल संपर्क से जुड़ा हुआ है। NSG-3 श्रेणी में वर्गीकृत इस व्यस्त स्टेशन पर 150 से अधिक ट्रेनें गुजरती हैं। अब अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत इस स्टेशन का कायाकल्प तीव्र गति से किया जा रहा है और पुनर्विकास कार्य लगभग पूर्णता की ओर है।

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत गांगापुर सिटी स्टेशन का पुनर्विकास लगभग 34.48 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। यह योजना दिसंबर 2022 में रेल मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की गई थी, जिसका उद्देश्य देश के 1,337 रेलवे स्टेशनों को दीर्घकालिक मास्टर प्लान के आधार पर चरणबद्ध रूप से आधुनिक, यात्री-अनुकूल एवं सुविधासंपन्न केंद्रों में रूपांतरित करना है।



पुनर्विकास के अंतर्गत स्टेशन के बुनियादी ढांचे एवं यात्री सुविधाओं को उच्चस्तरीय बनाया जा रहा है। स्टेशन भवन का पूर्ण नवीनीकरण किया गया है तथा मुख्य प्रवेश एवं निकास द्वारों को आकर्षक एवं भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है। प्लेटफॉर्म पर नए शेड, आधुनिक बैठने की व्यवस्था तथा उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म सरफेसिंग का कार्य पूर्ण किया गया है। आधुनिक कोच पोजिशन डिस्प्ले सिस्टम, डिजिटल सूचना बोर्ड तथा पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम को उन्नत किया गया है। सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण किया गया है तथा पार्किंग क्षेत्र को व्यवस्थित रूप दिया गया है।

दिव्यांगजनों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए स्टेशन को पूरी तरह से 'दिव्यांगजन फ्रेंडली' बनाया गया है। इसके अंतर्गत टैक्टाइल पाथ, रैंप, कम ऊंचाई वाले टिकट काउंटर, विशेष वाटर बूथ तथा समर्पित पार्किंग स्थल का निर्माण किया गया है। यात्रियों की सुविधा हेतु आधुनिक प्रतीक्षालय, स्वच्छ शौचालय तथा रिफ्रेशमेंट सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। स्टेशन पर लिफ्ट एवं फुटओवर ब्रिज स्थापित किए गए हैं, जिससे प्लेटफॉर्मों के बीच यात्रियों की आवाजाही सुगम एवं सुरक्षित हुई है। उन्नत प्रकाश व्यवस्था एवं आकर्षक पेंटिंग से स्टेशन परिसर को नया एवं भव्य स्वरूप प्राप्त हुआ है।

गांगापुर सिटी स्टेशन के शेष पुनर्विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास जारी हैं। शीघ्र ही इस स्टेशन को अपने नए और आधुनिक स्वरूप में यात्रियों को समर्पित कर दिया जाएगा। इस पुनर्विकास से न केवल यात्रियों का सफर अधिक आरामदायक एवं सुरक्षित होगा, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार एवं आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

# पलाई में देवनारायण भगवान की गाजे बाजे से निकाली भव्य शोभायात्रा

## शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब देवनारायण भगवान के जयकारों से गूंजायमान हुआ कस्बा, हवन कुंडो में यजमानो ने कस्बे व क्षेत्र में सुख समृद्धि,उन्नति,शांति की दी आहुतियां

स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** पलाई कस्बें में देवनारायण भगवान मंदिर परिसर में संकल पंचों की ओर से देवनारायण भगवान, साडू माता, शिव परिवार का पांच दिवसीय मूर्ती प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव व विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आचार्य पंडित कृष्ण बिहारी शास्त्री ऊम वालों के सानिध्य में वैदिक मन्त्रोंच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर शोभायात्रा देवजी मन्दिर परिसर से रवाना की, शोभायात्रा के साथ बस स्टैण्ड, रेगर बस्ती, बायपास, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, चारभुजा नाथ मंदिर, मुख्य बाजार, बस स्टैण्ड, होती हुई नगर फोर्ट रोड, होती हुई देवनारायण मन्दिर प्रांगण में पहुंची। देवनारायण भगवान की भव्य



शोभायात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा व आतिशबाजी से सस्वागत किया गया। देवनारायण भगवान के जयकारों से गूंजायमान हो उठा पलाई कस्बा, शोभायात्रा के साथ जुलूस में डीजे की धून व देवनारायण के भजनों पर श्रद्वालु एवं महिलाएं मंगल गीतों के साथ नाचती गाती व थिरकती रही। बाद में महाआरती के साथ भव्य शोभायात्रा यात्रा संपन्न हुई,बाद में लोगों व भक्तजनों ने भगवान की महाप्रसादी कहां आनंद लिया।

### हवन कुंडो दी आहुतियां

देवनारायण भगवान, साडू माता, शिव परिवार का पांच दिवसीय मूर्ती प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत पण्डित कृष्णबिहारी शास्त्री ने वैदिक विधि विधान व मंत्रो से यजमानों ने हवन कुंडो में आहुतियां देकर कस्बे व क्षेत्र में सुख समृद्धि, शांति, खुशहाली एवम् उन्नति की कामना की।

### पंच तत्वों सहित घी, दूध व दही से किया अभिषेघ..

संकल पंचों की ओर से देवनारायण भगवान, साडू माता, शिव परिवार का पांच दिवसीय मूर्ती प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत चौथे दिन भगवान देवनारायण, साडू माता, शिव परिवार का घी, दूध व दही सहित पंच तत्वों से भगवान का महा अभिषेघ से स्नान करवाया गया, समिति अध्यक्ष सोजीलाल चेची ने बताया है कि रविवार को 11 बजे देवनारायण भगवान, साडू माता, शिव परिवार की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा होगी, महोत्सव पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगी, रविवार को 3 बजे से विशाल भंडारे में महाप्रसादी वितरित की जाएगी।

इस अवसर पर पंडित कृष्णबिहारी शास्त्री, समिति अध्यक्ष सोजीलाल गुर्जर, पलाई फीडर इंचार्ज आलोक चौधरी, प्रधान गुर्जर, मुकेश गुर्जर, टोनी शर्मा, राजेंद्र गुर्जर, लखपत धाबाई, कैलाश धाकड़, रामजस गुर्जर, हनुमान गुर्जर, प्रकाश चंद धाकड़, राजूलाल धाकड़, रामजीलाल, प्रहलाद गुर्जर, रामनारायण गुर्जर, सहित सैंकड़ों समाजबन्धु व ग्रामीण मौजूद थे।

# भगवान शिव के विशाल भंडारें का आयोजन, निकाली कलश यात्रा

स्मार्ट हलचल |बानसूर



क्षेत्र की ग्राम कल्याणपुरा स्थित भक्तों की ढाणी में शनिवार को भगवान शिवशंकर के विशाल भंडारें का आयोजन किया गया। इससें पूर्व महिलाओं द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली गई,जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के साथ नाचती गाती हुई शामिल हुईं। यात्रा शिव मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद गाजे-बाजे के साथ प्रमुख मार्गों से निकली, जहां ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजन समिति के अनुसार आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। दोपहर बाद पंगत प्रसादी का आयोजन किया गया। शाम को भक्ति संध्या में प्रसिद्ध भजन कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल और भी आध्यात्मिक हो गया।

# अजमेर दरगाह मंदिर विवादः मामले में पक्षकार बनने की होड़, अदालत में हुई लंबी बहस, छह मई को अगली सुनवाई

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** अजमेर स्थित ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में शिव मंदिर होने के दावे को लेकर दायर याचिका पर शनिवार को अजमेर जिला न्यायालय में सुनवाई के दौरान जोरदार बहस देखने को मिली। इस बहुचर्चित और संवेदनशील मामले में सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 1/10 के तहत पक्षकार बनने के लिए दायर प्रार्थना पत्रों पर अदालत में लंबी दलीलें पेश की गईं। सभी पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने अगली सुनवाई की तारीख 6 मई 2026 निर्धारित की है।

सुनवाई के दौरान अदालत परिसर में हलचल का माहौल रहा। सुनवाई के समय वादी विष्णु गुप्ता, महाराणा प्रताप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवर्धन सिंह परमार, दरगाह अंजुमन कमेटी के सचिव सरवर चिश्ती, दरगाह दीवान के वकील सहित कई खादिम, अधिवक्ता और अन्य संबंधित पक्ष मौजूद रहे।

मामले में अब तक कुल 12 आवेदन पक्षकार बनने के लिए प्रस्तुत किए गए हैं। इनमें राजवर्धन सिंह परमार ने स्वयं को वादी बनाए जाने की मांग की है, जबकि अन्य आवेदकों ने प्रतिवादी बनने के लिए अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल किए हैं। इन सभी अर्जियों पर शनिवार को विस्तार से सुनवाई हुई, जिसमें पक्ष और विपक्ष के अधिवक्ताओं ने अपने-अपने तर्क रखे।

वादी पक्ष के अधिवक्ता संदीप कुमार ने अदालत को बताया कि बड़ी संख्या में पक्षकार बनने के लिए आवेदन आए हैं, लेकिन सभी को शामिल करना न्यायिक प्रक्रिया को जटिल बना सकता है। उन्होंने न्यायालय से आग्रह किया कि केवल



उन्हीं व्यक्तियों या संस्थाओं को पक्षकार बनाया जाए, जो ठोस तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर मामले के निष्पक्ष निस्तारण में सहयोग कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि अनावश्यक पक्षकारों को शामिल करने से सुनवाई लंबी खिंच सकती है।

दूसरी ओर, दरगाह अंजुमन कमेटी की ओर से पेश पक्ष में सचिव सरवर चिश्ती ने अदालत में अपनी बात रखते हुए कहा कि यह मामला एक प्रमुख धार्मिक स्थल से जुड़ा हुआ है, जहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा कि दरगाह के खादिमों का इस स्थान से सीधा और ऐतिहासिक संबंध है, इसलिए उन्हें पक्षकार बनाया जाना आवश्यक है। उन्होंने अदालत से अपील की कि सबसे पहले खादिमों का पक्ष सुना जाए, क्योंकि वे इस स्थल की परंपराओं और इतिहास से भली-भांति परिचित हैं।

सुनवाई के दौरान देश के सामाजिक माहौल को लेकर भी चिंता व्यक्त की गई। सरवर चिश्ती ने कहा कि वर्तमान समय में धार्मिक स्थलों को लेकर कई तरह के दावे सामने आ रहे हैं, जिससे माहौल प्रभावित हो रहा है। उन्होंने दरगाह की गंगा-जमुनी तहजीब का जिक्र करते हुए कहा कि यहां हर धर्म और समुदाय के लोग श्रद्धा के साथ आते हैं और सभी का समान सम्मान किया जाता है। पूरे घटनाक्रम के बीच अदालत ने सभी पक्षों की दलीलों को ध्यानपूर्वक सुना और स्पष्ट किया कि पहले यह तय किया जाएगा कि किन-किन पक्षों को इस मामले में औपचारिक रूप से शामिल किया जाए। इसके बाद ही मुख्य याचिका पर आगे की सुनवाई की जाएगी। अब इस संवेदनशील और चर्चित मामले में अगली सुनवाई 6 मई 2026 को होगी, जहां यह स्पष्ट होने की संभावना है कि किन आवेदकों को पक्षकार के रूप में शामिल किया जाएगा। इस मामले को लेकर न केवल अजमेर बल्कि प्रदेश और देशभर में लोगों की नजरें अदालत की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं।

## मांडलगढ़ ग्रामीण मंडल की मासिक कार्यकारिणी बैठक डाक बंगले में संपन्न



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** मांडलगढ़ ग्रामीण मंडल की संगठनात्मक मजबूती और आगामी कार्ययोजना को लेकर शनिवार को स्थानीय डाक बंगले में मंडल कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। संगठनात्मक विषयों पर चर्चा बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की नियमित गतिविधियों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना था। यह एक नियमित मासिक बैठक थी। जिसमें मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। बैठक के मुख्य बिंदु संगठन विस्तार बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। मासिक समीक्षा पिछले माह के कार्यो की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई। आगामी कार्ययोजना संगठन द्वारा दिए गए आगामी निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन की रणनीति तैयार की गई। कार्यकर्ताओं का उत्साह बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि इस तरह की नियमित बैठकें कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करती हैं और वैचारिक आदान-प्रदान का एक सशक्त माध्यम हैं। बैठक के दौरान केवल संगठनात्मक विषयों पर ही ध्यान केंद्रित रखा गया ताकि मंडल की संरचना को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। भारतीय जनता पार्टी मांडलगढ़ ग्रामीण मंडल की मासिक संगठनात्मक बैठक मांडलगढ़ डाक बंगले में आयोजित की गई यह संगठन की मासिक बैठक का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के आदेश अनुसार संपन्न की गई बैठक में बूथ अध्यक्ष की भूमिका को सक्रिय करना है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्याम लाल अहीर, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, महामंत्री मोहन सिंह शक्तावत, उपाध्यक्ष निहाल सेन, सत्यनारायण सुथार, मुकेश कुमार बेरवा, मूलचंद, मंडल के मंत्री सांवरमल मीणा, मोडा जाट, सोहन गुर्जर, मंडल अध्यक्ष शंभू मीणा, एवं सहित कार्यकारिणी के विभिन्न पदाधिकारी और सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चौबीसा ब्राह्मण हितकारी समिति के निर्णय

## चौबीसा समाज का 'युवा शक्ति सम्मेलन' जून 2026 में होगा



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

चौबीसा ब्राह्मण हितकारी समिति उदयपुर की सेक्टर 14 स्थित समिति के निर्माणाधीन भवन में समिति अध्यक्ष प्रेमशंकर उपाध्याय की अध्यक्षता में आज बैठक का आयोजन किया गया।

समिति महासचिव हरीश चौबीसा ने बताया कि बैठक में 28 जून 2026 को चौबीसा समाज का युवा शक्ति सम्मेलन आयोजन करने का निर्णय किया गया।

इस सम्मेलन में उदयपुर संभाग के वे युवा चौबीसा जिनकी केंद्र अथवा राज्य सरकार के अधीन कार्यालयों में विगत तीन वर्षों में राजपत्रित अधिकारी,अराजपत्रित कर्मचारी के पद पर नियुक्ति हुई हो अथवा प्राइवेट सेक्टर में अच्छे पदों पर लगे हुए हो या स्वयं का अपना स्टार्ट अप,प्रतिष्ठान,बिजनेस,उद्यम इत्यादि स्थापित किया हो साथ ही विश्व विद्यालय में जिन्हें स्वर्ण पदक से तथा विद्यावाचस्पति (पी एच डी) से नवाजा गया हो ऐसे युवाओं का समिति द्वारा सम्मान किया जाएगा ।

बैठक में युवा शक्ति सम्मेलन के अलावा वार्षिक बैठक,निर्माणाधीन भवन के निर्माण कार्य हेतु समाज के दानदाताओं से संपर्क करना। जिन दानदाताओं ने कक्ष की घोषणा कर रखी है उन रूम पर उनके परिवार के सदस्यों का नाम मांगा गया है जिनके नाम रूम के बाहर ग्रेनाइट से लिखा जाएगा। परिसर की भूमि पर मिट्टी डलवाकर उसे सुंदर बनाने का भी निर्णय लिया गया । बैठक के अंत में समिति के हाल ही में दिवंगत हुए पूर्व संरक्षक स्वर्गीय खुशवंत लाल पुरोहित को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई । बैठक में समिति के अध्यक्ष प्रेमशंकर उपाध्याय, महासचिव हरीश चौबीसा,संरक्षक डॉ शरद चंद्र पुरोहित,वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ महामाया प्रसाद चौबीसा,उपाध्यक्ष शांतिलाल चौबीसा, अनिमेष पुरोहित, कार्यकारिणी सदस्य प्रफुल्ल चौबीसा, विवेकानंद चौबीसा, अमृतलाल चौबीसा, गजेंद्र चौबीसा,योगेश चौबीसा इत्यादि उपस्थित रहे।

## भयंकर गर्मी के बीच पलटा मौसम, 6 मई तक आंधी-बारिश का अलर्ट

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** राजस्थान में भीषण गर्मी के बीच मौसम ने अचानक करवट ली है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में 6 मई तक आंधी, बारिश और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है। इस बदलाव से जहां आमजन को गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है, वहीं किसानों की चिंता बढ़ गई है।

मौसम विभाग के अनुसार अजमेर, अलवर, भरतपुर, दौसा, डीग, धौलपुर, जयपुर, झुंझुनू, करौली, सवाई माधोपुर, सीकर, टोंक समेत पश्चिमी राजस्थान के बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, नागौर, फलौदी और श्रीगंगानगर में येलो अलर्ट जारी



किया गया है। इन इलाकों में तेज हवाओं के साथ गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है।

**तापमान में हल्की गिरावट, फिर भी गर्मी बरकरार**

हाल ही में कुछ क्षेत्रों में हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की गई है, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिली है। इसके बावजूद बाड़मेर में तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि कई जिलों में पारा अभी भी 40 से 44 डिग्री के बीच बना हुआ है।

**दिन में तपिश, शाम को बदलेगा मिजाज**

पूर्वानुमान के अनुसार अगले कुछ दिनों तक प्रदेश में मौसम अस्थिर बना रहेगा। दिन के समय तेज गर्मी का असर रहेगा, जबकि शाम के समय बादल छाने, तेज हवाएं चलने और बारिश होने की संभावना है।

**पश्चिमी विक्षोभ का असर**

मौसम विभाग का कहना है कि एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है, जिसके प्रभाव से अधिकतम तापमान में 1 से 2 डिग्री तक की गिरावट आ सकती है। इससे लू से आंशिक राहत मिलने की उम्मीद है। हालांकि मौसम के इस बदलाव ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है क्योंकि आंधी और बारिश से खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

## केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री चौधरी का स्वागत

**निम्बाहेड़ा।** किशनगढ़ से छोटीसादड़ी जाने के दौरान केंद्रीय राज्य कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी का निम्बाहेड़ा बाईपास स्थित वंडर चौराहे के समीप विधायक श्रीचंद कृपलानी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। मंत्री चौधरी को उपरना ओढ़ाकर, मेवाड़ी परंपरा अनुसार पगड़ी पहनाकर एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्वी मंडल अध्यक्ष अशोक जाट, नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष महेंद्र जाखड़, भाजयुमो पूर्वी मंडल अध्यक्ष शैलेश अहीर, रवि जाट सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आरेडिका में बने पहले वंदे भारत ट्रेनसेट को डायनेमिक टेस्टिंग एवं फील्ड ट्रायल हेतु किया गया रवाना

स्मार्ट हलचल| कोटा

वंदे भारत की यात्रा, जो वर्ष 2018 में मात्र दो ट्रेनसेट से प्रारंभ हुई थी, आज अपने 100वें ट्रेनसेट के महत्वपूर्ण पड़ाव की ओर अग्रसर है। यह उपलब्धि भारत के कोच आधुनिकीकरण और अत्याधुनिक रेल तकनीक के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

आज, दिनांक 02 मई 2026, एक ऐतिहासिक अवसर के रूप में दर्ज हुआ, जब आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली ने अपने पहले 16-कोच वंदे भारत चेयर कार ट्रेनसेट को डायनेमिक टेस्टिंग एवं फील्ड ट्रायल हेतु रवाना किया। इसके साथ ही आरेडिका ने वंदे भारत ट्रेनसेट निर्माताओं की श्रेणी में सफलतापूर्वक अपना स्थान बना लिया है। यह ट्रेन अत्याधुनिक सीमेंस प्रोपल्शन सिस्टम से सुसज्जित है।

नियमित यात्री सेवा में शामिल होने से पूर्व इस ट्रेन का ऑस्सिलेशन परीक्षण किया जाएगा, जिसके माध्यम से इसकी राइड क्वालिटी, सुरक्षा मानकों एवं गतिशील प्रदर्शन का व्यापक परीक्षण एवं सत्यापन सुनिश्चित किया जाएगा।



वंदे भारत ब्रांड की गति, दक्षता एवं यात्री सुविधा, को ध्यान में रखते हुए, आरेडिका द्वारा निर्मित इस ट्रेनसेट में विश्वसनीयता एवं सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु अनेक उन्नत इंजीनियरिंग सुधार सम्मिलित किए गए हैं।

यह ट्रेनसेट उच्च स्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करने हेतु आधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जिसमें आरामदायक सीटें, झटके रहित यात्रा, पूर्णतः सील्ड गैंगवे तथा शोर को न्यूनतम करने के लिए ऑटोमैटिक प्लग डोर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, इसमें स्वदेशी 'कवच' ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम, उन्नत अग्नि पहचान प्रणाली (एरोसोल आधारित अग्निशमन के साथ) एवं अंडर स्लंग उपकरणों के लिए सुरक्षा प्रणाली भी उपलब्ध कराई गई है।

वैक्यूम इन्फ्यूजन तकनीक के माध्यम से ट्रेन के आंतरिक साज - सज्जा को उच्च गुणवत्ता एवं उत्कृष्ट फिनिशिंग प्रदान की गई है। यह ट्रेन पूर्णतः दिव्यांगजन-अनुकूल है, जिसमें रैंप, निर्धारित स्थान एवं विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे सभी यात्रियों के लिए समावेशी एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित हो सके। आरेडिका रायबरेली द्वारा निर्मित यह नवीनतम वंदे भारत ट्रेनसेट भारत के तेज, सुरक्षित एवं आरामदायक रेल परिवहन के भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम है। यह उपलब्धि भारतीय रेल की नवाचार, आत्मनिर्भरता, समावेशन एवं विश्वस्तरीय विनिर्माण के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः प्रमाणित करती है।

## वैर में तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार युवक को कुचला, मौके पर मौत, गुस्साए लोगों ने लगाया जाम

स्मार्ट हलचल

**वैर।** कस्बे में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि मृतक की पहचान करना भी मुश्किल हो गया। बाद में मृतक की पहचान कस्बा निवासी भूपसिंह माली के रूप में हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना कुम्हेर गेट स्थित श्मशान घाट के पास हुई, जहां तेज गति से आ रहे डंपर ने साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद युवक डंपर के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने विरोध जताते हुए सड़क पर जाम लगा दिया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। मौके पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ वीरेन्द्र शर्मा और एएसआई बृजभान सिंह पुलिस जाप्ते





के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। पुलिस ने लोगों को समझाइश कर जाम खुलवाने की कोशिश की और आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि डंपर चालक की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई और क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

## राजकीय कॉलेजों में एडमिशन 15 मई तक

**स्मार्ट हलचल |जोधपुर**

शहर के पांचों राजकीय कॉलेजों में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। छात्र-छात्राएं 15 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस बार नई नीति में छात्रों को कई बड़ी राहतें दी गई हैं। फीस जमा नहीं करने के कारण डिफॉल्टर हुए विद्यार्थियों को अंतिम चरण में खाली सीटों पर दोबारा मौका मिलेगा। प्रमोट नहीं हो पाए या फेल छात्रों को भी अतिरिक्त सीटों पर प्रवेश की सुविधा दी जाएगी, जिससे उनका साल खराब न हो।आवेदन प्रक्रिया को आसान बनाते हुए अब डिजिलॉकर या इंटरनेट से प्राप्त अंकतालिकाएं भी मान्य होंगी। साथ ही दो साल के गैप की अनिवार्यता खत्म कर दी गई है, जिससे शिक्षा अधिक लचीली बनेगी।

# ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने किया हरिश्चंद्र सागर नहर परियोजना का निरीक्षण

### बोले- घटिया निर्माण हुआ तो खैर नहीं, जीरो टॉलरेंस की नीति पर होगा काम

स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने शनिवार को सांगोद विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल का सघन दौरा किया। अपने दौरे के दौरान मंत्री नागर ने कृषि और सिंचाई को प्राथमिकता देते हुए हरिश्चंद्र सागर परियोजना के अंतर्गत चल रहे नहरों के द्वितीय चरण के मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्यों का मौके पर पहुंचकर भौतिक निरीक्षण किया। मंत्री नागर ने नहरों पर चल रहे निर्माण कार्य से टाइल हटवाकर निर्माण सामग्री की भी जांच की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**नहरी तंत्र का सुदृढ़ीकरण और टेल तक पानी पहुँचाना प्राथमिकता**

निरीक्षण के दौरान मंत्री नागर ने निर्माणाधीन नहरों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि हरिश्चंद्र सागर



परियोजना क्षेत्र के किसानों की जीवनरेखा है। परियोजना के सुदृढ़ीकरण के लिए राज-स्थान सरकार द्वारा दो चरणों में भारी बजट आवंटित किया गया है। प्रथम चरण में पूर्व में 1930.68 लाख की राशि से मरम्मत कार्य कराए गए थे, वहीं द्वितीय चरण में बजट घोषणा 2024-25 के अंतर्गत 30 करोड़ रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। इसके तहत मुख्य नहर, वितरणिकाओं और माइनरों के लाइनिंग एवं सीपेज रोकने का कार्य प्रगति पर है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार का मुख्य उद्देश्य नहरी तंत्र को पक्का कर पानी की बर्बादी रोकना है ताकि अंतिम छोर (टेल) पर स्थित किसानों के खेतों तक पर्याप्त पानी पहुँच सके।

**हैदराबाद की फर्म को चेतावनी और अधिकारियों को निर्देश**

मंत्री नागर ने निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में लगी हैदराबाद की एक फर्म के पुराने रिकॉर्ड का हवाला देते हुए अधिकारियों को सतर्क किया। उन्होंने बताया कि यह फर्म पूर्व में आलनिया डैम परियोजना में भी कार्यरत थी, जहाँ घटिया निर्माण के कारण इसे हटाया गया था। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि इस फर्म के कार्यों की बारीकी से जांच की जाए और गुणवत्ता सुनिश्चित होने के बाद ही भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा, 'राजस्थान सरकार की नीति जीरो टॉलरेंस की है। यदि निर्माण में कोई अनियमितता पाई गई, तो संबंधित ठेकेदार और अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटिया निर्माण होने पर उसे तुड़वाकर दोबारा बनवाया जाएगा। '

**अस्थाई डैम और लिफ्ट सिंचाई योजना पर चर्चा**

दौरे के दौरान मंत्री नागर समद खेड़ी और बिशन खेड़ी के मंदिरों में दर्शन के बाद हरिश्चंद्र सागर परियोजना के पुराने अस्थाई डैम पर भी पहुँचे। ग्रामीणों और अधिकारियों से जानकारी लेते हुए उन्होंने पाया कि चूने से बने इस पुराने डैम पर गेट नहीं होने के कारण पानी का ठहराव नहीं हो पा रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए उन्होंने पानी को लिफ्ट करके नहरों में भेजने की योजना पर काम करने की आवश्यकता जताई। उन्होंने सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ आगामी सीजन के लिए जल वितरण की कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की, ताकि किसानों को सिंचाई के दौरान समस्याओं का सामना न करना पड़े।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था और समृद्धि का आधार**

मंत्री नागर ने विश्वास दिलाया कि मुख्य नहर के साथ-साथ सभी माइनर और वितरणिकाओं को सीसी लाइनिंग से पक्का किया जाएगा। इससे न केवल सीपेज रुकेगा, बल्कि पनवाड़ क्षेत्र के साथ-साथ सांगोद क्षेत्र के दर्जनों गाँव भी नहरी पानी से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि नहरों का यह सुदृढ़ीकरण सीधे तौर पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और किसानों की खुशहाली से जुड़ा है। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अभियंता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मनोहरपुर में सचिन पायलट का स्वागत

### विधायक मनीष यादव के नेतृत्व में जुटे सैकड़ों कार्यकर्ता



स्मार्ट हलचल

एआईसीसी महासचिव सचिन पायलट के शाहपुरा आगमन पर विधायक मनीष यादव के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला।

गौरतलब है कि सचिन पायलट का सीकर दौरा प्रस्तावित था, जिसके दौरान शाहपुरा में उनका स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

स्वागत समारोह में पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, प्रभु चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष नाथु सैनी, मुकेश गुर्जर, नगर अध्यक्ष अल्लादीन खान, नगर अध्यक्ष सेवा दल राकेश, ब्लॉक उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, समदाराम गुर्जर, राजपाल, कैलाश, पंकज, शशिकांत सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सतवाड़ा में मीणा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न







स्मार्ट हलचल

**घाड़ (देवली), टोंक।** आदर्श मीणा समाज सेवा समिति द्वारा सतवाड़ा बालागढ़ में नवम सामूहिक विवाह सम्मेलन शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। घाड़ रोड स्थित भैरूजी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित इस सम्मेलन में राजस्थान भर से हजारों मीणा समाज के लोगों ने भाग लिया, जो समाज की एकता का प्रतीक बना।

इस गौरवमयी आयोजन का मुख्य आकर्षण नवविवाहित जोड़ों का वरमाला कार्यक्रम रहा, जहाँ जोड़ों ने लिफ्ट के माध्यम से एक-दूसरे को वरमाला पहनाई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच फेरों की रस्म पूरी की गई और नवदंपत्तियों को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया गया।

सम्मेलन में बीएसएस सुप्रीमो नरेश मीणा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रामनारायण मीणा और लाल धागे वाले बाबा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मीणा समाज विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष पूर्व प्रधान के श्योपाल मीणा उगेन ने की। स्वागत के लिए पूर्व प्रधान शीला राजकुमार मीणा, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश मीणा, अधिवक्ता बाबू लाल मीणा और उप प्रधान महादेव मीणा सहित कई गणमान्य अधिकारी उपस्थित थे।

समाज के भामाशाहों ने इस आयोजन में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। विशेष रूप से नरेश मीणा ने सम्मेलन समिति को एक लाख रुपये का कन्यादान भेंट किया। टोंक और बूंदी जिले के सरपंचों के साथ-साथ सतवाड़ा गांव के ग्रामीणों का भी इस आयोजन में अभूतपूर्व सहयोग रहा।

हजारों लोगों की सुविधा के लिए एक विशाल और आकर्षक मंच व भोजन पांडाल बनाया गया था। सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा के निर्देश पर पुलिस का विशेष जाप्ता तैनात रहा। पुलिस वाहन लगातार पेट्रोलिंग करते दिखे, और दमकल विभाग भी मौके पर मुस्तैद रहा। यह भव्य आयोजन देर रात 2 बजे तक पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ, जिसने समाज में एकता और सौहार्द का संदेश दिया।

# साकेतनगर थाने का टॉप-10 वांटेड रमेश पिस्टल के साथ गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत साकेतनगर थाना पुलिस ने एक ही सप्ताह में दूसरी बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। पुलिस ने थाने के टॉप-10 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल और हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे शातिर बदमाश रमेश पुत्र हीरालाल को एक अवैध पिस्टल के साथ धर दबोचा है।

### फरारी काट रहे बदमाश पर पुलिस का शिकंजा

पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के कड़े निर्देशों पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र शर्मा और वृत्ताधिकारी राजेश कसाना के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। मुखबिर से मिली सटीक सूचना के बाद थानाधिकारी गणपत राम और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर 25 वर्षीय आरोपी रमेश (निवासी कोटड़ा) को गिरफ्तार किया।

पकड़ा गया आरोपी रमेश न केवल स्थानीय स्तर पर वांछित था, बल्कि उसका आपराधिक रिकॉर्ड अंतर्राज्यीय स्तर पर भी फैला हुआ है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसारः वह हत्या के प्रयास के मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। कर्नाटक के चिकबालपुरा टाउन थाने में भी उसके विरुद्ध गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है।

### गहन पूछताछ जारी

साकेतनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट (धारा 3/25) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि पकड़ी गई पिस्टल आरोपी ने किससे खरीदी थी और वह क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में तो नहीं था।

# घाड़ क्षेत्र में तूफान से भारी नुकसान, 11 घंटे बिजली गुलः बारिश से मिली राहत, ट्रांसफार्मर गिरने से बड़ा हादसा टला

स्मार्ट हलचल



**घाड़ (देवली), टोंक।** घाड़ क्षेत्र में बीती रात तेज अंधड़ और बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया। रात भर चली आंधी और बिजली की गड़गड़ाहट के बाद शनिवार सुबह 9 बजे हुई 20 मिनट की बारिश ने जहाँ भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं तूफान ने क्षेत्र में भारी नुकसान पहुँचाया है।

तूफान का सर्वाधिक असर विद्युत व्यवस्था पर पड़ा। भीषण अंधड़ के कारण घाड़ क्षेत्र की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई, जो लगातार 11 घंटे तक बाधित रही। उमस और अंधेरे के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

घाड़ ग्राम पंचायत के डाटून्दा गाँव में तूफान का व्यापक असर देखा गया। किसान पोकर मीणा/गोरु मीणा के खेत में लगा कृषि कनेक्शन का ट्रांसफार्मर तेज अंधड़ के कारण खंभों से उखड़कर जमीन पर गिर गया। गनीमत रही कि उस समय बिजली आपूर्ति बंद थी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित किसान और ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की है।

अंधड़ के कारण खेतों से गुजर रही 11 केवी हाईटेंशन लाइन के खंभों पर विलायती बबूल के पेड़ गिर गए हैं। इससे खंभों के टूटने और तारों के आपस में टकराने से आग लगने का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही और ढीले तारों के कारण हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मरम्मत कार्य की मांग की है। उनकी मुख्य मांगों में खंभों पर गिरे पेड़ों को हटाना, ढीले तारों को कसना और गिरे हुए ट्रांसफार्मर के स्थान पर नया ट्रांसफार्मर लगाना शामिल है, ताकि कृषि कार्य प्रभावित न हो। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन और विद्युत विभाग ने ध्यान नहीं दिया, तो किसी भी संभावित दुर्घटना की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# खेल में दम, सुरक्षा में हम' नवाचार के तहत मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन

स्मार्ट हलचल| बूंदी

जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा के निर्देशन में सामुदायिक पुलिसिंग को सुदृढ़ करने तथा पुलिस एवं आमजन के मध्य विश्वास, सहयोग एवं समन्वय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'खेल में दम, सुरक्षा में हम' स्लोगन के तहत एक अभिनव एवं जनसहभागिता आधारित पहल संचालित की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 02 मई 2026 को प्रातः 07:00 बजे थाना दबलाना क्षेत्र के अणदगंज रोड स्थित अलोद पुलिया पेट्रोल पम्प के समीप एक भव्य मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।



यह आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों, समुदायों एवं आयु वर्ग के लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सहयोग की भावना को सुदृढ़ करने का एक प्रभावी प्रयास रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन की उत्साहपूर्ण उपस्थिति देखने को मिली। मैच के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दोनों टीमों के मध्य मुकाबला बेहद रोमांचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक रहा, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पूरे मैच के दौरान उत्साह एवं ऊर्जा का माहौल बना रहा। अंततः शानदार प्रदर्शन करते हुए अलोद येलो टीम विजेता रही, जिसे उपस्थित अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी अवनीश कुमार शर्मा ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन केवल खेल प्रतियोगिताएं नहीं हैं, बल्कि यह पुलिस एवं समाज के बीच संवाद, विश्वास एवं सहयोग को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि 'खेल में दम, सुरक्षा में हम' अभियान के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान की जा रही है, जिससे वे नकारात्मक गतिविधियों से दूर रहकर समाज निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने आगे कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग के तहत इस प्रकार के कार्यक्रम पुलिस एवं आमजन के मध्य दूरी को कम करने, आपसी समझ बढ़ाने तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भविष्य में भी ऐसे खेल, सामाजिक एवं जागरूकता आधारित कार्यक्रमों का नियमित आयोजन किया जाता रहेगा, जिससे युवाओं में खेल भावना का विकास हो तथा समाज में सुरक्षा के प्रति जागरूकता और अधिक बढ़े।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पुलिस अधिकारियों द्वारा आमजन एवं युवाओं को RajCop Citizen ऐप के उपयोग एवं महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, डिजिटल सुरक्षा एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव भी साझा किए गए। बताया गया कि RajCop Citizen ऐप के माध्यम से आमजन घर बैठे ही विभिन्न पुलिस सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें शिकायत पंजीकरण, आपातकालीन सहायता, सत्यापन सेवाएं एवं अन्य नागरिक सुविधाएं शामिल हैं।

आमजन से अपील की गई कि वे अधिक से अधिक RajCop Citizen ऐप को डाउनलोड करें तथा अपने परिवार, मित्रों एवं परिचितों को भी इसके उपयोग के लिए प्रेरित करें, जिससे पुलिस सेवाओं का लाभ आमजन तक आसानी से एवं शीघ्रता से पहुंच सके।

इस आयोजन के माध्यम से सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त करने, जनसहभागिता को बढ़ावा देने, खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने एवं सुरक्षा के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित किया गया। यह कार्यक्रम पुलिस एवं आमजन के बीच सकारात्मक संबंधों को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

इस अवसर पर उमा शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बून्दी, जसवीर मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला अपराध अनुसंधान सेल बून्दी, अजीत मेघवंशी वृताधिकारी वृत हिण्डोली, प्रिया व्यास थानाधिकारी दबलाना सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# घाटा (बस्सी) पुस्तकालय में प्रतियोगी पुस्तकों का वितरण

स्मार्ट हलचल



**घाटा-बैनाडा (बस्सी)।** श्री लक्ष्मी नारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट, कानडियावाला (जमवारामगढ़) द्वारा सार्वजनिक पुस्तकालय घाटा (बस्सी) में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए विभिन्न विषयों की उपयोगी पुस्तकें भेंट की गईं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को बेहतर अध्ययन संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें सफलता की ओर अग्रसर करना है। ट्रस्ट अध्यक्ष सुमन मीणा ने कहा कि 'अन्न दान परम दान है, परंतु विद्या दान सर्वश्रेष्ठ दान है।' उन्होंने बताया कि विद्या दान से व्यक्ति को जीवनभर संतोष मिलता है। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के साथ-साथ उन्हें आवश्यक शैक्षणिक सामग्री भी उपलब्ध कराएं, ताकि वे अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम में ट्रस्ट संरक्षक एवं आईएएस अधिकारी डा. हर सहाय मीणा ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। 'नियमित अध्ययन ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का मूल मंत्र है। लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने से ही मंजिल हासिल होती है।' उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत को अपना मंत्र बनाने की सलाह देते हुए कहा कि 'इतनी मेहनत करो कि सफलता आपके कदम चूमे। '

इस अवसर पर टीएसएम कार्यकर्ता फूलचंद घाटी, हनुमान प्रजापत आरवाड़ी, मुरारीलाल नाड़ा, पन्नालाल भावपुरा, रोहिताश कानडियावाला, अमित देवड़वाल, एसडीएम डोडा, सन्नी मीणा, रामधन घाटा, विजय आरवाड़ी सहित अनेक कार्यकर्ता एवं ट्रस्टी उपस्थित रहे।

# बीएसएस सुप्रीमो नरेश मीणा का 5 मई के बाद 'महा-धरना'

## देवली-उनियारा में पेयजल, अवैध बजरी खनन के खिलाफ खोला मोर्चा

स्मार्ट हलचल



**घाड़ (देवली), टोंक।** भगतसिंह सेना सुप्रीमो नरेश मीणा ने देवली-उनियारा में पेयजल समस्या और अवैध बजरी खनन के खिलाफ 5 मई के बाद 'महा-धरना' देने की घोषणा की है। यह घोषणा उन्होंने घाड़ क्षेत्र के सतवाड़ा बालागढ़ में आयोजित आदर्श मीणा समाज विवाह सम्मेलन में की। मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि यदि इस धरने में जनता का साथ नहीं मिला, तो वह पिपलोदी हादसे जैसी भूख हड़ताल पर बैठ जाएंगे। उन्होंने पिछले दिनों कोटड़ी मोड़ पर हुए धरने का भी जिक्र किया, जहां जनता की एकजुटता से प्रशासन ने लगभग 23 मांगें मान ली थीं।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि देवली उपखंड में बीसलपुर बांध होने के बावजूद, प्रशासनिक लापरवाही के कारण देवली-उनियारा की जनता पेयजल संकट का सामना कर रही है। जनता ने नरेश मीणा के इस धरने में शामिल होने पर सहमति जताई है।

वर्तमान में टोंक की जिला कलेक्टर टीना डाबी (जो सीएसई टॉपर और स्वर्ण पदक से सम्मानित हैं) से लोगों को उम्मीद है कि वह जनता की आवाज सुनेंगी। वहीं, टोंक पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा के नेतृत्व में अवैध बजरी खनन पर प्रभावी रोक लगने की भी आशा है।

सुप्रीमो नरेश मीणा देवली-उनियारा उपचुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रह चुके हैं। चुनाव के दौरान समरावता पोलिंग बूथ पर एसडीएम अमित चौधरी को थप्पड़ मारने की घटना के बाद उन्हें आठ महीने जेल में रहना पड़ा था। इस घटना के बाद से नरेश मीणा की क्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ी है। इस दौरान नरेश मीणा कि साथ पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शिवनारायण मीणा सहित मीणा समाज विवाह सम्मेलन में हजारों लोग मौजूद थे।

# सरोली स्कूल के जर्जर कक्षों के ध्वस्तीकरण की खुली बोलीः 7 मई को होगी नीलामी, मलबा निस्तारण का भी होगा कार्य

स्मार्ट हलचल



**घाड़ (देवली), टोंक।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सरोली में दो जर्जर कक्षा-कक्षों के सुरक्षित ध्वस्तीकरण और मलबे के निस्तारण के लिए खुली बोली/नीलामी आमंत्रित की गई है। यह सूचना विद्यालय प्रबंधन समिति (ग्राम पंचायत जूनिया, ब्लॉक देवली, टोंक) द्वारा जारी की गई है।

विद्यालय प्रबंधन की सूचना (क्र. संख्या 79) के अनुसार, अनुभवी ठेकेदारों, फर्मों और इच्छुक आमजन को बोली लगाने के लिए आमंत्रित किया गया है। नीलामी में 900 वर्ग मीटर (दो कक्षा-कक्ष) का क्षेत्रफल शामिल है।

इसकी अनुमानित बिक्री राशि 22,000 और धरोहर राशि 2,500 निर्धारित की गई है। इससे विद्यालय को 13,000 की अनुमानित आय होने की संभावना है। बोली और धरोहर राशि जमा करने का कार्य 07 मई 2026 को सुबह 9:00 बजे से शुरू होगा। उच्चतम बोली लगाने वाले व्यक्ति को बोली की राशि तत्काल जमा करनी होगी, जिसके बाद उसे कार्य आदेश जारी किया जाएगा। अन्य बोलीदाताओं की धरोहर राशि मौके पर ही लौटा दी जाएगी। सफल बोलीदाता को कार्य आदेश जारी होने के 5 दिनों के भीतर सुरक्षित तरीके से ध्वस्तीकरण और मलबा निस्तारण का कार्य पूरा करना होगा। कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित अधिकारी से कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। विद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ध्वस्तीकरण के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। इच्छुक प्रतिभागी निर्धारित समय पर विद्यालय परिसर में उपस्थित होकर अपनी बोली लगा सकते हैं।

## श्री लक्ष्मी नारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट कानडियावाला ने सार्वजनिक पुस्तकालय घाटा को भेंट की प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें

# 'नियमित अध्ययन ही सफलता का मूलमंत्र, शॉर्ट कट से नहीं मिलती सफलता' - आईएएस मीणा

### 'अन्न दान परम दान, परंतु विद्या दान सर्वश्रेष्ठ दान' - सुमन मीणा

स्मार्ट हलचल




**जयपुर-बस्सी।** श्री लक्ष्मी नारायण मीणा मेमोरियल ट्रस्ट कानडियावाला, जमवारामगढ़ द्वारा सार्वजनिक पुस्तकालय घाटा, बस्सी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षा संबंधी पुस्तकें भेंट की गईं। ट्रस्ट अध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य सुमन मीणा ने कहा कि 'अन्न दान परम दान है परंतु विद्या दान उत्तम दान है। विद्या दान करने से जीवन भर के लिए संतुष्टि मिलती है।' उन्होंने सक्षम व्यक्तियों से आग्रह किया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मार्गदर्शन के साथ-साथ आवश्यकतानुसार पुस्तकें भी उपलब्ध कराएं। विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए नियमित रूप से अध्ययन करना चाहिए।

### लक्ष्य निर्धारित नियमित अध्ययन ही सफलता की कुंजी- आईएएस डॉ हरसहाय मीणा

ट्रस्ट संरक्षक एवं आईएएस अधिकारी डॉ. हर सहाय मीणा ने पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'लक्ष्य निर्धारित करने के बाद उसे प्राप्त करने के लिए नियमित मेहनत जरूरी है। इतनी मेहनत करो कि सफलता आपके कदम चूमे। शॉर्ट कट माध्यम से किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त नहीं की जा सकती। ' उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत का मंत्र दिया और कहा, 'रोजाना एक मंत्र का जाप करें और वो मंत्र है मेहनत-मेहनत। मेहनती विद्यार्थियों की सफलता में कोई भी कारक बाधक नहीं बन सकता। '

**उपस्थित गणमान्यः**

इस अवसर पर टीएसएम कार्यकर्ता फूलचंद घाटी, हनुमान प्रजापत आरवाड़ी, मुरारीलाल नाड़ा, पन्नालाल भावपुरा, रोहिताश कानडियावाला, अमित देवड़वाल, एसडीएम डोडा, सन्नी मीणा, रामधन घाटा, विजय आरवाड़ी सहित अनेक टीएसएम कार्यकर्ता एवं ट्रस्टी उपस्थत रहे।

# बसई जोगियान में 10 साल पुराना अतिक्रमण हटाया, रास्ता हुआ मुक्त

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** ग्राम पंचायत बसई जोगियान में शनिवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 10 वर्षों से गैर मुमकिन नले पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। तहसीलदार अनिल कुमार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस जाप्ते और जेसीबी की सहायता से यह कार्रवाई की। तहसीलदार ने बताया कि लगभग 500 मीटर लंबा यह गैर मुमकिन नला ग्रामीणों द्वारा रास्ते के रूप में उपयोग किया जाता था, लेकिन कुछ लोगों ने इसे खेती के उपयोग में लेकर अतिक्रमण कर रखा था। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा तहसील कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत की जांच राजस्व विभाग की टीम द्वारा की गई, जिसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अमल में लाई गई। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमणकारियों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने के लिए पाबंद किया गया। रास्ता अतिक्रमण मुक्त होने से अब नारायणपुर, बसई जोगियान, बामनवास कांकड़ और तोलावास सहित आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। तहसीलदार ने बताया कि खेतों में फसल कटने के बाद अब रास्तों पर अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# सुसज्जित बग्गियों में बैठे दूल्हे-दुल्हन, भगवान परशुराम की झांकी के साथ निकली भव्य बारात, 8 जोड़ों ने लिए सात फेरे

**आध्या सेवार्थ फाउण्डेशन का प्रथम सनाढ्य आदिगौड़ निःशुल्क सामूहिक कन्या विवाह महोत्सव सम्पन्न, 120 से अधिक उपहारों से सजाई नवदंपतियों की गृहस्थी**





स्मार्ट हलचल| कोटा

जब सुसज्जित बग्गियों पर सवार दूल्हे-दुल्हन भगवान परशुराम की भव्य झांकी के साथ नगर की गलियों से गुजरे, तो राहगीर ठिठककर देखते रह गए। यह दृश्य था आध्या सेवार्थ फाउण्डेशन के तत्वावधान में आयोजित प्रथम सनाढ्य आदिगौड़ सामूहिक निःशुल्क कन्या विवाह महोत्सव का – जो दो दिवसीय आयोजन के बाद हर्षोल्लास एवं घर जैसे पारिवारिक वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मुख्य संयोजक लोकेश शर्मा ने बताया कि वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार 8 जोड़ों का विधिवत पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ और नवदंपतियों ने जीवन भर साथ निभाने का पवित्र वचन लिया। मुख्यअतिथि खाटू श्याम बाबा रहे उनका विशाल दरबार सजा,1008 महंत श्री सत्यप्रकाश बनखण्डी ने नव वरवधुओं आशीर्वाद दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राखी गौत्तम ने मंच पर अपनी शुभकामनाएं नव जोडो को दी।

### बग्गियों में सवार हुए दूल्हे-दुल्हन, नगर भ्रमण बना आकर्षण का केंद्र

महोत्सव का सर्वाधिक मनमोहक दृश्य था – सुसज्जित बग्गियों में बैठे वर-वधुओं की शोभायात्रा। मुख्य संयोजक लोकेश शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम की भव्य झांकी के साथ निकली इस बारात ने नगर के मार्गों पर एक अलग ही उत्सव का माहौल रच दिया। नगरवासी इस अनूठे दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में एकत्रित हो गए। शोभायात्रा के पश्चात दूल्हों ने तोरण मारकर मंगल प्रवेश किया और वरमाला की पावन रस्म के साथ अपने जीवनसाथी का चयन किया। संयोजक लोकेश शर्मा ने बताया कि महोत्सव में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की कन्याओं का विवाह पूर्णतः निःशुल्क कराया गया। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह से जहां अनावश्यक खर्चों में कमी आती है, वहीं सामाजिक समरसता को भी मजबूती मिलती है।

### खाटू श्याम के दरबार में लिए सात फेरे

फाउण्डेशन के कोषाध्यक्ष प्रियांशु शर्मा ने बताया कि आयोजन स्थल पर खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाया गया था। वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूर्ण धार्मिक विधि-विधान के साथ 8 जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। अग्नि के सात फेरों के साथ प्रत्येक जोड़े ने एक-दूसरे का हाथ थामकर जीवन पर्यंत साथ चलने की शपथ ली। वातावरण में गूंजते मंगलाष्टक और आशीर्वाद के बीच यह क्षण अत्यंत भावुक और पवित्र रहा।

### 120 से अधिक उपहार — गृहस्थी का पूरा सामान दिया फाउण्डेशन ने

फाउण्डेशन की अध्यक्ष शालू शर्मा ने बताया कि प्रत्येक वधू को सोने की लौंग, चांदी की पाजेब, बिछिया, अंगूठी और टॉप्स सहित आभूषण भेंट किए गए। इसके अतिरिक्त प्रत्येक नवदंपती को अलमारी, पंखा, टीवी, ड्रेसिंग टेबल, गद्दा, तकिया, बेडशीट, सूटकेस, दीवार घड़ी, सेंटर टेबल, कुर्सी, डिनर सेट, गैस चूल्हा एवं संपूर्ण रसोई सामग्री सहित 120 से अधिक उपयोगी उपहार प्रदान किए गए। दूल्हे के लिए कोट-पैंट और दुल्हन के लिए बेस व चूड़ा भी समिति की ओर से उपलब्ध कराया गया। आयोजन समिति ने यातायात सुरक्षा का संदेश देते हुए नवदंपतियों को हेलमेट भेंट कर यातायात नियमों के पालन का संकल्प भी दिलाया।

### आंसुओं भरी विदाई — माँ की ममता और नई उम्मीदों के साथ रुखसत हुई बेटियां

ओमप्रकाश टंकारिया ने बताया कि महोत्सव का सबसे भावपूर्ण क्षण था विदाई का। जब नवविवाहिताएं अपने माता-पिता और परिजनों से गले मिलकर अश्रुपूरित नेत्रों से रुखसत हुईं, तो उपस्थित जनसमूह की आंखें भी नम हो गईं। फाउण्डेशन ने यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक बेटी की विदाई किसी भी सामान्य परिवार की शादी से कम न लगे – घर जैसा माहौल, आत्मीय स्नेह और सम्मान के साथ।

### राजनीतिक सौहार्द का अनूठा संगम — भाजपा व कांग्रेस जिलाध्यक्ष एक मंच पर

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष राखी गौतम सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने इस सामाजिक आयोजन को और अधिक गरिमामय बनाया। कार्यक्रम का कुशल संचालन कमल शर्मा ने किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश टंकारिया, रामस्वरूप शर्मा, प्रेम शास्त्री, मनीष तिवारी, भीष्म कुमार शर्मा, गजेन्द्र जोशी, प्रमोद शर्मा, महावीर पंचोली, विजय भारद्वाज, रघुवर दयाल शर्मा, जितेंद्र शर्मा, सतीश शर्मा एवं प्रियांशु शर्मा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## देशी पिस्टल व कारतूस बरामद, दो युवक गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** डीएसटी टीम और नारायणपुर पुलिस ने शुक्रवार देर शाम संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार डीएसटी इंचार्ज कश्मीर सिंह को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र में दो युवक अवैध हथियार के साथ घूम रहे हैं। इस पर उन्होंने नारायणपुर पुलिस को संदिग्धों का हुलिया बताकर उनकी तलाश के निर्देश दिए। तलाश के दौरान शाम करीब 5 बजे चौगान मंदिर जाने वाले रास्ते पर दो संदिग्ध युवक पैदल जाते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने पीछा कर उन्हें रोकने का प्रयास किया तो दोनों युवक घबरा गए और भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गए युवकों में मुकेश उर्फ मुक्खा पुत्र सेडूराम गुर्जर (21) निवासी रेका माला तन बामनवास कांकड़ की तलाशी लेने पर उसकी पेंट की जेब से एक देशी पिस्टल बरामद हुई, जबकि दूसरी जेब से मोबाइल फोन मिला। वहीं दूसरे आरोपी गिलू गुर्जर पुत्र मातादीन गुर्जर (20) निवासी मालोड़ी की ढाणी की तलाशी लेने पर उसकी पेंट की बायीं जेब से दो जिंदा कारतूस बरामद हुए, जबकि दूसरी जेब में मोबाइल मिला। देशी पिस्टल और कारतूस के संबंध में पूछताछ करने पर वे अवैध पाए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल आरोपियों से अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है। मामले की जांच एएसआई मुरलीधर द्वारा की जा रही है।

**जर्जर जाल से हादसे की आशंका**

## लोगों ने नगर पालिका अधिकारियों से की समस्या समाधान की मांग

स्मार्ट हलचल|सूरौठ

कस्बे में स्टेशन रोड से भोपरिया के पुरा को जाने वाले रास्ते के मोड पर नाली के ऊपर लगाया हुआ जाल जर्जर हालत में है। जिसके कारण कभी भी हादसा घटित हो सकता है। इस संबंध में कांग्रेस नेता केदार मीणा ने सूरौठ नगर पालिका के प्रशासक हेमराज गुर्जर एवं अधिशासी अधिकारी रीना खंडेलवाल से क्रॉसिंग नाली पर लगे जाल को बदलवा कर समस्या का समाधान करवाने की मांग की है। कांग्रेस नेता केदार मीणा ने बताया कि भोपरिया पुरा के मोड पर नरेंद्र नांगरिया की दुकान के पास क्रॉसिंग नाली पर लगे हुए जाल के क्षतिग्रस्त होने से यहां वाहन पलटने की आशंका बनी हुई है। इस बारे में संबंधित अधिकारियों को भी अवगत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक नगर पालिका प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया है । जिसके कारण आम नागरिकों एवं वाहन चालकों में रोष व्याप्त है।

## नारद जयंती के अवसर पर आदर्श विद्या मंदिर में पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित



स्मार्ट हलचल| लाखेरी

कस्बे के बड़के बालाजी स्थित आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को नारद जयंती के पावन अवसर पर पत्रकार सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद राठौर ने की। इस अवसर पर नगर के पत्रकारों को आमंत्रित कर तिलक लगाकर, दुपट्टा पहनाकर तथा श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

राठौर ने अपने संबोधन में कहा, 'देवर्षि नारद को ब्रह्मांड का प्रथम संवाददाता माना जाता है। जिस प्रकार नारद जी लोक कल्याण के लिए सूचनाओं का आदान-प्रदान करते थे, उसी प्रकार आज के पत्रकार समाज का दर्पण बनकर सत्य को जनता तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होने के नाते पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।'

सम्मानित पत्रकारों ने विद्यालय प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। इस दौरान पत्रकारों ने नारद जयंती पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर बस स्टैंड पर गौ माता को चारा खिलाया गया। इस अवसर पर जिला संस्कार केंद्र प्रमुख श्रवण कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य कुंजबिहारी शर्मा, पत्रकार द्वारका प्रसाद, विश्वनाथ शर्मा, जितेन्द्र गौड़ उपस्थत रहे।

# गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज निःशुल्क विवाह सम्मेलन में 36 कन्याओं का पाणिग्रहण संस्कार

**ऐतिहासिक आयोजन के लिए समाज बंधुओ ने संयोजक राजेंद्र पंचोली व अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा को दिया साधुवाद**

**सांसद, विधायक एवं देश प्रदेश के हजारों ब्राह्मण समाज बंधुओ ने सम्मेलन में पहुंच वर वधुओं को दिया आशीर्वाद**



स्मार्ट हलचल| बूंदी

शहर के सिलोर रोड स्थित एक निजी रिसोर्ट में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का प्रथम निशुल्क आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। सम्मेलन में पूर्ण विधि विधान के साथ 36 ब्राह्मण कन्याओं का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न हुआ। बूंदी जिले के इतिहास में यह पहला निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन रहा जिसमें वर एवं वधुओं को वातानुकूलित कमरों में ठहराया गया। पहली बार किसी सम्मेलन में दो दिन तक सुव्यवस्थित रूप से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर शादी ब्याह के बढ़ते खर्च के बोझ को कम करते हुए सामाजिक रीति रिवाजों को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ ज्योतिषाचार्य विष्णु जी कलवाड़िया, बालकिशन दास जी महाराज तथा महेश जी महाराज के सानिध्य में आयोजित हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन में गणेश स्थापना से लेकर हल्दी, मेहंदी, बासन, महिला संगीत, निकासी एवं अन्य सभी रस्में पूरे विधि विधान के साथ पूरी की गई। कार्यक्रम में शामिल हुए समाज बंधुओ एवं वर वधुओं के परिवारजनों को ऐसा लगा मानो किसी सम्मेलन में नहीं घर से ही शादी हो रही है। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति का मैनेजमेंट भी काफी सराहनीय रहा। छाया, पानी, पार्किंग से लेकर स्वागत सत्कार सहित सभी व्यवस्थाएं चौक चौबंद नजर आई। गर्मी से राहत के लिए विशेष प्रबंध किए गए। वरिष्ठ जनों के निर्देशन में युवाओं ने भोजन वितरण की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा। शुक्रवार दोपहर को कार्यक्रम स्थल पर विप्र गौरव सम्मान का आयोजन हुआ। जिसमें समाज के भामाशाहों एवं विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। वर एवं वधुओं को आशीर्वाद देने पहुंचे जयपुर सांसद मंजू शर्मा, बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा, कोटा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राखी गौतम, अध्यक्ष रामलला अयोध्याधाम राजानंद शास्त्री, गुर्जर गौड ब्राह्मण महासभा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विशाल शर्मा, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अनिल जोशी, महिला गौतम समाज राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू त्रिवेदी आदि ने कहा कि समाज द्वारा इस बार आयोजित यह पहला निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन एक सराहनीय पहल है, जिसमें 36 बेटियों का सम्मानपूर्वक विवाह संपन्न कराया गया। ऐसे आयोजन सादगी, समानता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं और जरूरतमंद परिवारों को बड़ी राहत देते हैं।

वक्ताओं ने कहा कि यह आयोजन समाज की उस सकारात्मक सोच को दर्शाता है, जहां सहयोग और संवेदना के साथ जीवन के महत्वपूर्ण संस्कारों को सरल और सम्मानजनक तरीके से सम्पन्न किया जाता है। उन्होंने संयोजक राजेंद्र पंचोली व अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा सहित आयोजन समिति से जुड़े सभी लोगों को साधुवाद देते हुए नवदंपतियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। ज्योतिषाचार्य विष्णु कलवाड़िया, बालकिशन दास महाराज तथा महेश दास महाराज भी पूरे आयोजन के दौरान कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे। कार्यालय मंत्री दिनेश शर्मा ने बताया कि सभी अतिथियों का समिति की ओर से भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक राजेंद्र पंचोली, अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा व कोषाध्यक्ष शुभम जोशी ने आयोजन में सहयोगी सभी भामाशाहों एवं आगंतुक अतिथियों व समाज बंधुओ का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सामर्थ्य सोसायटी द्वारा जिला कलेक्टर को कार्यालय पहुंच कर नवीन पदभार की दी शुभकामनाएं



स्मार्ट हलचल|बूंदी

जिला कलेक्टर ने सामर्थ्य सोसायटी एवं अपने आस पास के सभी व्यक्तियों को स्व-जनगणना करने के लिए किया प्रेरित।

बूंदी- सामर्थ्य सोसायटी अध्यक्ष राशि माहेश्वरी ने बताया कि सबसे पहले पोर्टल में प्रवेश एवं पंजीकरण के लिए https://se.census.gov.in पर जाकर अपने राज्य का चयन करें इसके पश्चात् परिवार के मुखिया का नाम और मोबाइल नंबर, ई मेल आईडी दर्ज करें तत्पश्चात सत्यापन और स्थान की पहचान भाषा चयन एवं ओटीपी सत्यापन दर्ज करके स्थान संबंधी विवरण प्रदान करे और डेटा अपलोड करें एवं अंतिम प्रस्तुतिकरण प्राप्त करें और इसके पश्चात स्व-जनगणना पहचान संख्या का सृजन करे।

माहेश्वरी ने बताया कि केंद्र सरकार की यह नई नीति भविष्य की नीतियों के निर्माण और उनके क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करेगी ताकि बाद में जानकारी के दौरान कोई भी त्रुटि ना हो इस दौरान सोसायटी सदस्य नम्रता शुक्ला, शालिनी सोनी, निवृति सोनी आदि उपस्थित रहे।

**हरनावदाशाहजी में बेखौफ बदमाश**

## परिवार को बंधक बनाकर ढाई लाख की लूट, मचाया आतंक



स्मार्ट हलचल

**हरनावदाशाहजी।** कस्बे में शुक्रवार देर रात सत्यनारायण मंदिर के पास कुशवाह मोहल्ले में तीन हथियारबंद बदमाशों ने एक मकान में घुसकर परिवार को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

फरियादी गोलू लववंशी के अनुसार बदमाश छत के रास्ते घर में घुसे और दरवाजा खोलकर साथियों को अंदर बुलाया। धारदार हथियार दिखाकर परिवार को धमकाया, मोबाइल छीना और नगदी-जेवरात के बारे में पूछताछ की। विरोध करने पर मारपीट की और बच्चों को भी जान से मारने की धमकी दी।

एक बदमाश कमरे में घुसकर अलमारी-बक्सों के ताले तोड़ता रहा, जबकि अन्य परिवार पर नजर रखे रहे। बदमाश चांदी के जेवर, सोने की नाक बाली, मंगलसूत्र और नकदी सहित ढाई लाख रुपए से अधिक का सामान लेकर फरार हो गए। पूरा घटनाक्रम करीब आधे घंटे तक चला।

सूचना पर रात में ही पुलिस मौके पर पहुंची और सर्च अभियान चलाया। शनिवार सुबह भी जांच की गई, लेकिन आरोपियों का सुराग नहीं लग पाया।

गौरतलब है कि इससे पहले नयागांव बंजारी में दीवार तोड़कर चोरी की वारदात में 800 ग्राम चांदी, 5000 नकद और अन्य सामान चोरी हो चुका है। इसके अलावा कस्बे में सूने मकान के ताले तोड़ना, बाइक व मोबाइल चोरी और चेन स्नेचिंग की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं।

# बुद्ध पूर्णिमा पर रामगढ़ अभ्यारण्य में मेगा वाइल्डलाइफ सर्वे 52 पॉइंट्स पर समस्त रात्रि चलती रही गणना

**जंगली जानवरों की सुरक्षा की जिम्मेदारी केवल वन विभाग की ही नहीं बल्कि हम सभी की है - मूलचंद शर्मा**





स्मार्ट हलचल| बूंदी

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सम्पूर्ण राजस्थान में जंगली जानवरों की गणना की गयी। बूंदी जिले के रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में भी गणना का कार्य किया गया। गणना के अनुसार रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व जंगली जानवरों से समृद्ध होता जा रहा है। जैव विविधता को लेकर रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व दिनों दिन समृद्धता की तरफ बढ़ता जा रहा है।

बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर वार्षिक वन्य जीव गणना की गई। जिसमें 52 अलग-अलग स्थान चिन्हित किए गए। पूर्णिमा की रात को गिनती का कार्य संपूर्ण रात भर चलता रहा। चांदनी रात में जंगली जानवरों की गतिविधियों का भी अवलोकन किया जाता रहा। इस गणना के अभियान का संचालन अरुण कुमार डी, डीएफओ के निर्देशन में हुआ। उनके साथ सहायक वन संरक्षक नवीन नरानिया, बूंदी रेंजर सुमित कनौजिया सहित वन विभाग की टीमें सक्रिय रही।

जानकारी के अनुसार रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में इस गणना के लिए अकेले रामगढ़ रेंज में 24 पॉइंट स्थापित किये। हर प्वाइंट पर ऊंचे मचान बनाकर दो-दो कार्मिकों को नियुक्त किया गया। नियुक्त कर्मचारी संपूर्ण रात्रि में मुस्तैद होकर अपना दायित्व निभाते रहे। वर्तमान में इस घटना के दौरान रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व में आठ बाघ व बाघिनों की उपस्थिति दर्ज की गई । इसके अलावा 60 से अधिक लेपर्ड (पेंथर) की मौजूदगी सामने आई है।

समाजसेवी मूलचंद शर्मा ने बताया कि रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व धीरे-धीरे जंगली जानवरों से समृद्ध होता जा रहा है। जिससे आगामी समय में बूंदी जिले में पर्यटन विकास के पंख लगने की उम्मीद जगती जा रही है। जंगली जानवरों की सुरक्षा का दायित्व केवल वन विभाग पर ही नहीं है। आम नागरिक भी जंगली जानवरों की सुरक्षा हेतु सजग रहें साथ ही किसी भी प्रकार की घटनाओं की जानकारी समय पर वन विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अवगत कराएं। प्रकृति के संतुलन हेतु सभी जीवों की उपस्थिति व सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी मिलकर पूरी करें। जंगली जानवरों से ही जंगल अच्छे लगते हैं।

## गूंजेंगे सुरों के रंग, दिग्गज कलाकारों की लाइव प्रस्तुति आज

**भव्या पंडित के सुरों से सजेगी शाम, कोटा में लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट का आयोजन**



स्मार्ट हलचल|कोटा

शहर के संगीत प्रेमियों के लिए रविवार शाम एक यादगार संगीतमय आयोजन होने जा रहा है। 'सृजन द स्पार्क' के तत्वावधान में लाइव म्यूजिक कॉन्सर्ट का आयोजन रोड नंबर-1 स्थित सी.पी. ऑडिटोरियम में सायं 7:15 बजे से किया जाएगा।

संस्था के अध्यक्ष डॉ. विजय सरदाना ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य प्रतिभाशाली गायकों को वैश्विक मंच प्रदान करना है। उन्होंने जानकारी दी कि संस्था का मुख्यालय उदयपुर में है और चेयरमैन राजेश खमेरसा तथा सचिव अब्बास अली बन्दुकवाला के नेतृत्व में देशभर में 17 से अधिक चैप्टर सक्रिय हैं, वहीं विदेशों में भी इसके चैप्टर संचालित हो रहे हैं।

सचिव संजीव अग्रवाल के अनुसार, कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका भव्या पंडित तथा 'के-किशोर कुमार' फेम अनिल श्रीवास्तव अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। उन्होंने बताया कि भव्या पंडित 'इंडियन आइडल सीजन-4' की टॉप-5 फाइनलिस्ट और फिल्मफेयर नॉमिनी रह चुकी हैं। वे देश-विदेश में 1000 से अधिक लाइव शो कर चुकी हैं और 35 से ज्यादा देशों में अपनी प्रस्तुतियां दे चुकी हैं। साथ ही, वे 'सारेगामापा' एवं 'सारेगामापा लिटिल चैंप्स' में आठ सीजन तक ज्यूरी सदस्य भी रही हैं।

कोषाध्यक्ष विकास अजमेरा ने बताया कि भव्या पंडित ने प्रियंका चोपड़ा अभिनीत फिल्म 'व्हाट्स योर राशी' और अजय देवगन की 'सन ऑफ सरदार' में पार्श्वगायन किया है। वर्ष 2007 में उन्हें उत्कृष्ट प्रदर्शन कला के लिए राष्ट्रपति द्वारा 'बालश्री पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था। उपाध्यक्ष अनिमेष जैन ने बताया कि अनिल श्रीवास्तव, जिन्हें 'के-किशोर कुमार' के नाम से जाना जाता है, बॉलीवुड के नवीनतम गीतों से लेकर रेट्रो, सूफी, ग़ज़ल, अर्धशास्त्रीय और भक्ति संगीत तक विभिन्न विधाओं में दक्ष हैं। यह आयोजन शहर के सांस्कृतिक परिदृश्य को नई ऊर्जा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।



# 16 साल बाद पंकज त्रिपाठी के साथ काम करेंगे प्रियदर्शन



फिल्ममेकर प्रियदर्शन, जिन्होंने हाल ही में हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' दी है। इस फिल्म के साथ उनकी और अक्षय कुमार की जोड़ी करीब 16 साल बाद साथ लौटी है। इसके बाद डायरेक्टर अब एक नई कॉमेडी फिल्म बनाने की तैयारी में हैं। प्रियदर्शन अब एक नई कॉमेडी फिल्म डायरेक्ट करने की तैयारी में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस अनटाइटल्ड फिल्म का अंदाज उनकी पुरानी फिल्मों 'हंगामा' और 'द शौकीन्स' जैसा होगा। खबरों के अनुसार, कहानी 3 बुजुर्ग आदमियों के इर्द-गिर्द घूमेगी, जो अजीब और मुश्किल हालातों का सामना करते हैं। इसमें प्रियदर्शन का वही खास सिचुएशनल ह्यूमर देखने को मिलेगा, जिसके लिए वह जाने जाते हैं। यह प्रोजेक्ट डायरेक्टर के लिए कई पुराने साथियों के साथ फिर से काम करने का मौका भी है।

इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अन्नू कपूर और शुक्ला लीड रोल में नजर आएंगे। प्रियदर्शन करीब 16 साल बाद पंकज त्रिपाठी के साथ काम करेंगे, जिन्होंने पहले 'आक्रोश' में साथ काम किया था। वहीं, सौरभ शुक्ला ने उनके साथ आखिरी बार 'ये तेरा घर ये मेरा घर' (2001) में काम किया था। अन्नू कपूर भी तीन दशक बाद उनके साथ जुड़ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'मुस्कुराहट' (1992) और 'गर्दिश' (1993) में साथ काम किया था। इसके अलावा, राजपाल यादव भी इस फिल्म में अहम भूमिका निभा सकते हैं। वहीं, फिल्म की फीमेल लीड की कास्टिंग अभी चल रही है।

### प्रियदर्शन की 100वीं फिल्म से पहले बनेगी ये फिल्म

बताया जा रहा है कि यह फिल्म प्रियदर्शन के 100वें डायरेक्शन प्रोजेक्ट से पहले जल्दी में बनाई जाएगी। उनकी 100वीं फिल्म में मोहनलाल नजर आएंगे और इसकी शूटिंग नवंबर 2026 में शुरू हो सकती है।



# हैदराबादी लहजा सीखने के लिए हंसिका मोटवानी ने की घंटों प्रैक्टिस

फिल्मों में किसी किरदार को निभाना सिर्फ कैमरे के सामने अभिनय करना नहीं होता, बल्कि उस किरदार की सोच, रहन-सहन और बोलने के तरीके को पूरी तरह अपनाना भी होता है। कई कलाकार अपने किरदार को असली दिखाने के लिए महीनों तक तैयारी करते हैं। अभिनेत्री हंसिका मोटवानी भी इन दिनों कुछ ऐसी ही मेहनत करती नजर आ रही हैं। वह नई वेब सीरीज 'गली' में अपने किरदार के लिए हैदराबाद की खास बोली और लहजे को सीखने पर काम कर रही है।

अपने किरदार की तैयारी को लेकर हंसिका मोटवानी ने कहा, ''मुझे इस किरदार के लिए डायलॉग्स बोलने के तरीके पर सबसे ज्यादा काम करना पड़ा। सीरीज की कहानी हैदराबाद के पुराने शहर और चारमीनार इलाके के आसपास की दुनिया को दिखाती है, इसलिए मेरे लिए वहां की बोली को सही तरीके से समझना बेहद जरूरी था। मैं चाहती हूं कि मेरे डायलॉग्स बिल्कुल असली लगें और दर्शकों को ऐसा महसूस हो कि मेरा किरदार उसी माहौल का हिस्सा है।''

हंसिका मोटवानी ने कहा, ''मैंने किसी डायलॉग ट्रेनर की मदद नहीं ली। मैंने खुद मेहनत करके अपनी तैयारी की। हालांकि, पूरी टीम साथ बैठकर कई बार वर्कशॉप करती थी, ताकि हर डायलॉग और हर शब्द सही तरीके से बोला जा सके। टीम के साथ बैठकर बार-बार डायलॉग्स पढ़ने और बोलने से मुझे काफी मदद मिली। इससे भाषा की बारीकियों को समझने का मौका मिला।''

हंसिका ने आगे कहा, ''यह अनुभव मेरे लिए बिल्कुल नया था। मैंने पहले कभी इस तरह की बोली या लहजे में काम नहीं किया। यही वजह थी कि शुरुआत में मुझे काफी प्रैक्टिस करनी पड़ी। किसी खास बोली में अभिनय करना आसान नहीं होता, क्योंकि अगर एक छोटा सा शब्द भी गलत बोल दिया जाए तो वह तुरंत लोगों को महसूस हो जाता है। छोटी सी गलती भी दर्शकों के तुरंत पकड़ में आ जाती है, इसलिए मैं हर शब्द के उच्चारण और बोलने के अंदाज को लेकर बहुत सावधान रहती थी।''

उन्होंने कहा, ''इस किरदार को निभाते समय मैं यह भी समझने की कोशिश कर रही थीं कि उस इलाके के लोग कैसे बात करते हैं, कैसे अपनी भावनाएं व्यक्त करते हैं और किस तरह का लहजा इस्तेमाल करते हैं। जब तक कलाकार किरदार की भाषा को सही तरीके से नहीं समझता, तब तक वह उस किरदार के साथ पूरी तरह न्याय नहीं कर सकता।''



# कॉकटेल 2 में होगी दीपिका पादुकोण की एंट्री

दीपिका पादुकोण बीते दिनों अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की घोषणा के बाद सुर्खियों में आ गई थीं। इस बीच अब ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि दीपिका 'कॉकटेल 2' में अपने वेरोनिका के किरदार में वापसी कर सकती हैं। ऐसी चर्चाएं हैं कि दीपिका 'कॉकटेल 2' में अपने 'कॉकटेल' के किरदार में ही कैमियो कर सकती हैं। जानिए आखिर क्यों उठीं ऐसी चर्चाएं हैं और क्या है सच्चाई?

दरअसल, रेडिट पर एक पोस्ट के बाद से ही फैंस के बीच इस बात को लेकर खूब चर्चा हो रही है कि दीपिका 'कॉकटेल 2' में 2012 की 'कॉकटेल' के लोकप्रिय और बिंदास किरदार वेरोनिका में कैमियो करेंगी। पोस्ट के अनुसार, दीपिका कुछ महीने पहले मैडॉक फिल्म्स के ऑफिस गई थीं। उस समय कई लोगों ने अनुमान लगाया था कि यह मुलाकात 'महावतार' से जुड़ी थी। लेकिन पोस्ट में दावा किया गया है कि दरअसल उन्हें सीक्वल में वेरोनिका के किरदार में आने के लिए बार-बार संपर्क किया जा रहा था। उन्होंने इसके लिए हामी भर दी और उसी दौरान अपने हिस्से की शूटिंग भी कर ली। होमी अदजानिया द्वारा निर्देशित 'कॉकटेल 2' में शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 2012 की 'कॉकटेल' का सीक्वल है। हालांकि, इस बार फिल्म की कहानी बिल्कुल अलग होने की बात कही जा रही है।



# क्या 'पेद्दी' में कैमियो करेंगी श्रुति हासन

राम चरण की अदाकारी वाली फिल्म 'पेद्दी' जून 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होने से पहले ही काफी चर्चा में है। बुची बाबू सना के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा है। खबरें हैं कि फिल्म के निर्माता श्रुति हासन को लेकर एक स्पेशल गाने की योजना बना रहे हैं।

गल्ट के मुताबिक श्रुति हासन को 'पेद्दी' में एक स्पेशल कैमियो रोल के लिए साइन किया जा सकता है। उम्मीद है कि यह अभिनेत्री एक डांस नंबर में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग अभी बाकी है। रिपोर्ट के मुताबिक इस गाने की शूटिंग 26 अप्रैल, 2026 को हैदराबाद में शुरू हो सकती है। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने अभी तक श्रुति के इस फिल्म में शामिल होने की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

फिल्म के लेखक और निर्देशक बुची बाबू सना हैं। यह फिल्म पहले 27 मार्च, 2026 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसकी तारीख बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई। इसके बाद, इसे एक बार फिर टालकर जून 2026 कर दिया गया। रिपोर्टों के अनुसार, यह फिल्म 25 जून को सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।

### 'पेद्दी' के बारे में

खबरों के मुताबिक फिल्म 'पेद्दी' की कहानी एक क्रिकेट टूर्नामेंट के इर्द-गिर्द घूमती है। इस फिल्म में राम चरण मुख्य भूमिका में हैं, जबकि जान्हवी कपूर, शिव राजकुमार, दिव्येंदु शर्मा, जगपति बाबू और बोमन ईरानी भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। इसका म्यूजिक ए आर रहमान ने कंपोज किया है।

### मृणाल ने किया मना

इससे पहले, ऐसी खबरें थीं कि इसी स्पेशल डांस नंबर के लिए मृणाल ठाकुर पर विचार किया जा रहा था। लेकिन, अब माना जा रहा है कि उन्होंने इस प्रोजेक्ट से खुद को अलग कर लिया है, जिससे अब श्रुति हासन के इस फिल्म में आने की संभावना बढ़ गई है।





# हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में लीड रोल निभाएंगे राणा दग्गुबाती अक्षय भी होंगे फिल्म का हिस्सा

बॉलीवुड के एक्टर अक्षय कुमार 'भूत बंगला' की कामयाबी से खुश हैं। खबरें हैं कि वह जल्द ही एक बड़े बजट की हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में काम करने वाले हैं। उनके साथ साउथ के कलाकार राणा दग्गुबाती होंगे। इस प्रोजेक्ट को लेकर अभी से काफी चर्चा हो रही है। राणा दग्गुबाती एक महत्वाकांक्षी हिस्टोरिकल थ्रिलर फिल्म में लीड रोल निभाएंगे। इसकी कहानी उज्जैन के रहस्यमयी बैकग्राउंड पर आधारित होगी। इस फिल्म की कास्ट में अक्षय कुमार भी शामिल हो गए हैं। मेकर्स ने एक बड़ा सरप्राइज भी छिपाकर रखा है। ऐसी अफवाहें हैं कि कोई टॉप हीरो इस फिल्म में कैमियो कर सकता है। हालांकि प्रोजेक्ट को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक एलान नहीं हुआ है। इस बड़े प्रोजेक्ट को करण जौहर का धर्मा प्रोडक्शंस सपोर्ट कर रहा है। इससे लगता है कि यह प्रोजेक्ट पैन-इंडिया लेवल का होगा। इस फिल्म को चंदू मोंडेती डायरेक्ट करेंगे। चंदू को 'कार्तिकेय 2' को निर्देशित करने के लिए जाना जाता है। वह पुरानी पहेलियों और रहस्यों पर आधारित कहानियां बुनने के लिए जाने जाते हैं।

खबरें हैं कि राणा दग्गुबाती फिल्म 'जय हनुमान' की कास्ट में शामिल हो गए हैं। हालांकि अभी तक इस बारे में कोई ऑफिशियल कन्फर्मेशन नहीं आई है। यह फिल्म, 2024 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'हनुमान' का सीक्वल है।





# गिन्नी वेड्स सनी 2 में पहली बार मुझे टिपिकल बॉलीवुड मसाला फिल्म करने का मौका मिला

**'लैला मजनू', 'ओ रोमियो' जैसी फिल्में हों या 'खाकी: द बिहार चैप्टर', 'काला', 'बंबई मेरी जान' जैसी वेब सीरीज, एक्टर अविनाश तिवारी ने पर्दे पर इंटेंस, ग्रे और गंभीर भूमिकाओं में अपनी अलग धाक जमाई है। लेकिन अब अपनी नई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी 2' में वह पहली बार नाच-गाने, रोमांस वाली फुल मसाला एंटरटेनर में नजर आ रहे हैं। पेश है उनसे यह खास बातचीत।**

**ऐसा क्या ढूंढ़ रहे हैं लड़की में, जो नहीं मिल रही?**

मेरी जो जरूरतें या चाहतें हैं वो तो अपनी जगह है मगर सबसे जरूरी बात ये है कि वो मुझे झेल पाए। शादी के रिश्ते के सफल होने के लिए बहुत जरूरी है कि दोनों एक-दूसरे के लिए झेल पाएं। मेरा मानना है कि मुझे झेलना थोड़ा मुश्किल है। जैसे, फिल्म में सनी जैसे आदमी को लक्ष्मी, सरस्वती, दुर्गा का रूप सरीखी गिन्नी संभाल सकती है। मेरे जैसे आदमी को झेलने के लिए एक पार्वती भी चाहिए तो ऊपरवाला जब ऐसा कोई बनाएगा तो देखेंगे।

**आपको लगता है कि यह फिल्म सही समय पर थिएटर में आ रही है, क्योंकि हाल ही में 'धुरंधर' देखने के लिए दर्शक भर-भरकर कर सिनेमा हॉल पहुंचे?**

यह एक चक्र होता है, जिसमें कुछ फिल्में ऐसी आएंगी जो बहुत बिजनेस करेंगी। फिर कुछ ऐसी फिल्में होंगी जो बिल्कुल नहीं चलेंगी। मुझे लगता है कि यह किसी को नहीं पता कि कौन सी चीज दर्शकों को थिएटर में ला सकती है। जब फिल्म चल जाती है तो सब लोग जीनियस हो जाते हैं। सबको पता हो जाता है कि क्या करना है। वहीं, जब फिल्म नहीं चलती है तो हर कोई बोलता है कि इन्हें कुछ नहीं पता, कुछ नहीं आता कि कैसे आएगी ऑडियंस? पर हर किसी की कोशिश तो यही होती है कि उन्होंने जो बनाया है, वो ऑडियंस को पसंद आए। कोई इसलिए तो फिल्म बनाता नहीं है कि कोई उसे देखने ना आए। रही बात 'धुरंधर' की, तो वह बहुत अच्छे से बनाई गई फिल्म है। उसका क्राफ्ट लाजवाब है, स्टोरी टेलिंग जबरदस्त है। वह एक फिल्म है, उसमें कुछ लोग रिएलिटी ढूंढ़ने लगे तो उनकी दिक्कत है। लोगों के अपने-अपने नैरेटिव हैं, मैं उसमें नहीं जाना चाहता लेकिन जहां तक फिल्म मेकिंग के क्राफ्ट की बात है, वो टॉप नॉच है। अच्छी बात यह है कि ऑडियंस भी इवॉल्व हो रही है। इससे उम्मीद बंधती है कि अगर लोग क्वॉलिटी वर्क को सराहेंगे, तो जो लोग क्वॉलिटी काम करते हैं उनका कद बढ़ेगा और मैं उम्मीद करता हूं कि ऐसा हो।

**इस फिल्म में पहली बार नाच-गाना, रोमांस-कॉमिडी सब करते दिख रहे हैं। यह अनुभव कितना अलग रहा?**

मुझे बहुत मजा आया क्योंकि पहली बार मुझे टिपिकल बॉलीवुड मसाला फिल्म करने का मौका मिला और हर एक्टर ऐसी फिल्म करना चाहता है तो मैं बहुत शुक्रगुजार हूं कि मुझे यह फिल्म मिली। खास बात यह है कि इसे शूट करने से दो दिन पहले तक मैं जो फिल्म शूट कर रहा था वो बहुत ही इंटेंस था तो मुझे इतना वक्त ही नहीं मिल पाया कि मैं उस जोन से निकलकर इसमें आ पाऊं। इसके बावजूद, सब कुछ बहुत मजेदार तरीके से हो पाया, उसका एक बड़ा श्रेय मेरी को-एक्टर मेधा शंकर को जाता है। जब मैं सेट पर आया तो उनका पहला सवाल था- आज रात को हम कहां घूमने जा रहे हैं? तो ऐसी फिल्म के लिए एक जो एनर्जी होनी चाहिए, वो शुरू में ही सेट हो गई। वह इतनी खुशदिल इंसान हैं, जैसे रेगिस्तान में कहीं-कहीं जो हरियाली होती है न, वैसा था।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com